www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

22 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 151

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही


आइपीएल मैच आज से पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच











## राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने की जरूरत है : हेमंत

- मुख्यमंत्री यूनिसेफ की ओर से आयोजित 'राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स' कार्यक्रम में हुए शामिल
- विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान-पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही हैं। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए, तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विधानसभा में स्पीकर रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित 'राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिजीज थ्रू हेल्दी डाइट्स' पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने की जरूरत है, जिससे बीमारी का सही तरीके से इलाज संभव हो सके। सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है।

**यूनिसेफ जैसे संस्थाओं की भागीदारी काफी सराहनीय :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। आज राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि जंगल, पहाड़ों, तलहटी और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध करा सकें और इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायकगण, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डॉ कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

### क्षेत्रों में अलग-अलग बीमारियां व्याप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है, तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है। ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढ़ियों को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

### अपने खान-पान में मिलेट्स का करें उपयोग

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज नयी-नयी बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है। आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूड का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है। आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स (मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड की बजाय हेल्दी डाइट दें। हमें अपने खाने के तौर तरीके में बदलाव लाना बेहद जरूरी है।

### जन्म के साथ होती हैं कई बीमारियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म के साथ कई बीमारियां हो जाती हैं। बीमारियों का अगर समय पर इलाज नहीं हुआ, तो बच्चे की स्थिति काफी खराब हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि नवजात में होने वाली बीमारियों की जांच के साथ उसका तुरंत समुचित इलाज हो। इस दिशा में भी हमारी सरकार ने कई ठोस कदम उठाये हैं, ताकि बच्चों को रोग मुक्त रख सकें।

## सदन में मंत्री सुदिव्य सोनू और इरफान अंसारी भिड़े

- इरफान ने कहा, वह हर बात पर फुदकने लगते हैं
- सोनू ने कहा, ऑब्जेक्टिव जवाब दें
- प्रदीप ने दिया साथ कहा, वे संसदीय कार्य की जिम्मेवारी निभा रहे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को हेमंत सोरेन सरकार के दो मंत्री आपस में ही भिड़ गये। इससे सदन के अंदर का माहौल गर्म हो गया। दरअसल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू की एक टिप्पणी का जवाब देते हुए कह दिया कि वे बहुत जानकार हो गये हैं। यही कारण है कि वह हर बात पर फुदकने लगते हैं। उनके इस बयान पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने मंत्री सुदिव्य सोनू के समर्थन में कहा कि वे संसदीय कार्य की जिम्मेवारी निभा रहे हैं।


दरअसल कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने का मुद्दा उठाया। उनके इस सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आप पांच बार के विधायक हैं। अभी तक आप नर्सिंग कॉलेज नहीं बनवा सके। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सवाल ठीक से पढ़ लीजिये। गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज बनकर तैयार है। उन्होंने मंत्री से सवाल पूछा कि वहां पढ़ाई कब से शुरू होगी और यह कॉलेज कब बना है।

प्रदीप यादव का सवाल सुनकर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आप ही बता दें, यह कब बना है। इस दौरान शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री का जिम्मा संभाल रहे मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उठे और ऑब्जेक्टिव जवाब देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के विषयों पर कटाक्ष करना सही नहीं है। सदन की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। यह बात सुनते ही मंत्री इरफान अंसारी उनसे उलझ गये और कहा कि यह मेरे और प्रदीप यादव के बीच का मामला था, लेकिन लगता है कि मंत्री जी बहुत जानकार हो गये हैं, इसलिए हर बात में फुदकने लगते हैं। इसके जवाब में मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि यह सदन किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है। यह लोकाचार का मामला है।

### विधानसभा में घोषणा : अब जमीन की खरीद-बिक्री के लिए एलपीसी अनिवार्य नहीं

- सीएनटी-एसपीटी एक्ट को विस संशोधित नहीं कर सकती

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में अब जमीन की खरीद-बिक्री के लिए एलपीसी (भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र) अनिवार्य नहीं होगा। सिर्फ खतियान और म्यूटेशन के करेक्शन स्लिप से ही जमीन की खरीद-बिक्री की जा सकेगी। भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने शुक्रवार को विधानसभा में यह घोषणा की। वह सदन में प्रदीप प्रसाद के सवाल का जवाब दे रहे थे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हल्का कर्मचारी बहुत भारी हैं। वे मिनिस्टर से कम नहीं समझते। सर्वेयर और स्टाफ की काफी कमी है। मंत्री ने कहा कि सीएनटी और एसपीटी एक्ट को विधानमंडल संशोधित नहीं कर सकते हैं, न्यायालय प्रतिकूल निर्णय नहीं दे सकता है और ना



ही कोई सक्षम विधानमंडल की शक्ति के अधीन रहते हुए इसे संशोधित किया जा सकता है। उन्होंने यह बात राजेश कच्छप के सवाल के जवाब में कही।

## नीतीश का दिमाग खराब, बेटे को सीएम बनायें: राबड़ी

**पटना।** बिहार विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रगान के अपमान करने के मुद्दे पर जोरदार हंगामा होता रहा। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद ने सीएम नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के हंगामे के कारण आज सिर्फ 22 मिनट ही सदन की कार्यवाही चल पायी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के लिए गुरुवार को काला दिवस था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाडले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। उधर, विधान परिषद में भी इस मुद्दे पर हंगामा हुआ। कार्यवाही के दौरान राबड़ी देवी का माइक बंद हो गया। राबड़ी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बेटा नहीं बनता है, तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।

## आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का म्यूजियम बनेगा

**मुंबई/आगरा।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को एक सरकारी प्रस्ताव जारी किया। अब महाराष्ट्र सरकार उत्तर प्रदेश के आगरा की उस जगह (कोठी मीना बाजार) को खरीदेगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को औरंगजेब ने नजरबंद किया था। यहां म्यूजियम बनाने की तैयारी है। दरअसल, 19 फरवरी को महाराष्ट्र में एक सभा को संबोधित करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि आगरा में जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को कैद रखा गया था, वहां पर स्मारक बनायेंगे। महाराष्ट्र सरकार इस जमीन का अधिग्रहण करेगी। मैं खुद योगी आदित्यनाथ से बात करूंगा।

## जज के घर में लगी आग, तो निकल आये 15 करोड़ रुपये

- परिवारवालों ने अग्निशमन विभाग को दी सूचना
- आग बुझाने के क्रम में हाइकोर्ट के जज के घर से मिला रुपयों का ढेर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर करीब 15 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए। मामला सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाइकोर्ट भेजने का फैसला किया है। इधर, कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह इन-हाउस जांच नहीं है। जांच पूरी होने पर दिल्ली हाइकोर्ट चीफ जस्टिस कॉलेजियम को प्राइमरी रिपोर्ट देंगे।

**होली के दिन लगी थी आग:** होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले पर आग लग गयी थी। उस वक्त वे घर पर नहीं थे। परिवार ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की जानकारी दी। टीम जब आग बुझाने गयी, तब उसे नगद मिला। सूत्रों के मुताबिक सीजेआइ संजीव खन्ना को जब मामले की जानकारी मिली, तो पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर करने का फैसला किया, हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं है। इधर, हाइकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया है।

### राज्यसभा में भी उठा मामला

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए न्यायिक जिम्मेदारी पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के चेयरमैन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है और वह इस मुद्दे पर एक स्ट्रक्चर्ड डिस्कशन करवायेंगे।

### दमकल विभाग का खंडन: जज के घर कैश नहीं, सिर्फ धुआं

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली हाइकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर आग बुझाने के दौरान अग्निशमन कर्मियों को कोई नगदी नहीं मिली। गर्ग ने बताया कि 14 मार्च को रात 11.35 बजे नियंत्रण कक्ष को यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली आवास पर आग लगने की सूचना मिली और दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गयीं। दमकल गाड़ियां रात 11.43 बजे मौके पर पहुंचीं। गर्ग ने बताया कि आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने में 15 मिनट लगे। कोई हताहत नहीं हुआ। डीएफएस प्रमुख ने कहा कि आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद दमकल कर्मियों की टीम मौके से चली गयी। दमकल कर्मियों को आग बुझाने के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।

## राधाकृष्ण किशोर बेहतर इलाज के लिए गये दिल्ली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया। एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बताते चलें कि दो दिन पहले 19 मार्च की रात अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली स्थित मेडिका में रेफर कर दिया है।








## कर्नाटक विधानसभा में मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा

- 18 भाजपा विधायक छह महीने के लिए सस्पेंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरक्षण बिल की कॉपी फाड़कर स्पीकर की ओर फेंक दी। इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया।



साथ ही भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिया। हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों का वेतन 100 फीसदी बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया। इसके पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपये से बढ़कर 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह हो जायेगा।

विधान परिषद के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष का वेतन 75 हजार रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये हो जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 81,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 102,000 रु./प्रति किलो |



# रांची बंद और चक्का जाम आज

**सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप के विरोध में कुछ संगठनों ने बंद के समर्थन में मशाल जुलूस निकाला**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल, सिरम टोली बचाओ मोर्चा ने शुक्रवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला। शनिवार (22 मार्च) की सुबह छह बजे से संयुक्त आदिवासी संगठन के सदस्य सड़कों पर उतरेंगे और चक्का जाम व रांची बंद करवायेंगे। वक्ताओं ने कहा कि हमारा रांची बंद शांतिपूर्ण और संवैधानिक रूप से होगा। इस बंद से आवश्यक सेवाओं, एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान व मरीजों को मुक्त रखा गया है। जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि बंद व्यापक होगा इसका जनसमर्थन मिल रहा है। हमारे पूर्वजों ने जो परंपरा शोभायात्रा की शुरुआत की थी, उसे समाप्त करने की साजिश हो रही है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि एक ओर सरकार विधानसभा में सरहुल धूमधाम से मनाने का दंभ भर रही है, लेकिन हम सरकार के कहने या न कहने से सरहुल नहीं मनाते हैं। आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ती है तो फ्लाइओवर को कभी पूरा नहीं होने देंगे। पड़हा सरना प्रार्थना, सभा रांची महानगर अध्यक्ष चंपा कुजूर, बबलू मुंडा और फूलचंद तिर्की ने भी अपने विचार रखे। केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा के आहूत संपूर्ण रांची बंद सह चक्का जाम को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट का समर्थन मिला है। इस मौके पर आकाश तिर्की, स्मिथ तिर्की, विजय कच्छप, रवि मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

## कानून तोड़ा, तो होगी सख्त कार्रवाई : डीसी



**रांची।** जिला प्रशासन ने बंद का आह्वान करने वाले सभी संगठनों और व्यक्तियों से अपील की है कि अगर वे प्रदर्शन करना चाहते हैं, तो सभी गतिविधियां विधिसम्मत और शांतिपूर्ण तरीके से करें। किसी भी प्रकार की हिंसा या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश न करें। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस बंद के दौरान किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल पाया जाता है, तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने विशेष रूप से यह भी कहा है कि बंद के दौरान विधानसभा सत्र और विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हो रही परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की बाधा न डाली जाये। किसी भी व्यक्ति, छात्र, शिक्षण संस्थान के सदस्य या आम नागरिक को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# कुछ लोग अपना राजनीतिक चेहरा चमका कर पैसों की बंदरबांट करना चाहते हैं: अजय तिर्की

**आदिवासी संगठन के लोगों ने कहा कि वह रांची बंद का समर्थन नहीं करते हैं**

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों और प्रदेश की जनता के सामने कई सनसनीखेज खुलासे किये। बहुत दिनों से रांची में सरना स्थल सिरम टोली के सामने बन रहे रैंप के विरोध में हो रहे प्रदर्शन और राजनीति के पीछे का सच उजागर किया। अजय तिर्की और अन्य आदिवासी संगठन के लोगों ने यह बताया कि जो समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने ही भू अर्जन विभाग में सरना स्थल की जमीन के लिए मुआवजा लेने के लिए आवेदन दिया था। जो लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हीं में से मुख्य व्यक्ति अरविंद हंस ने भू अर्जन विभाग द्वारा भेजा हुआ नोटिस रिसीव किया। नोटिस केंद्रीय सरना समिति के नाम से था, पर उन्होंने नोटिस को दबा दिया और भू अर्जन विभाग को आवेदन देकर स्वयं के लिए मुआवजा मांगा, लेकिन जब यह खुलासा हुआ कि जो 10 फीट जमीन ली गयी थी वह गैर मजरूआ आम भूमि है, इसके लिए कोई मुआवजा का प्रावधान नहीं है, तब सरकार पर पैसों के लिए दबाव बनाने के लिए इन्होंने रैंप का मुद्दा बनाकर विरोध करने की रणनीति बनायी। अरविंद हंस और उनके गुट के लोग आदिवासी समाज के आस्था और भावना का दुरुपयोग निजी स्वार्थ के लिए करके विपक्षी दलों के सहयोग से विकास कार्य में बाधा डालकर समाज और सरकार के बीच में जहर घोलकर सौदेबाजी का प्रयास करना चाहते हैं। यह लोग समाज और शहर में अशांति फैला कर अपना राजनीतिक चेहरा चमका कर पैसों की बंदरबांट करना चाहते हैं। ऐसे समाज विरोधी शक्तियों को हम मिटा देंगे। अजय तिर्की ने यह भी बताया कि पहले विरोध क्यों नहीं किया गया यह फ्लाइओवर तो 2 साल पूर्व से बन रहा है। जब तक अरविंद हंस और उनके साथियों को पैसे मिलने की उम्मीद थी, तब तक उन्होंने कोई विरोध नहीं किया। जब एलएनटी कंपनी के द्वारा और 10 फीट लेने की मांग हुई तो अजय तिर्की ने समाज के लोगों का सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाकर इसका निराकरण कराया और यह निर्णय लिया गया कि अब एक इंच जमीन भी सरना स्थल की नहीं ली जायेगी। अजय तिर्की ने यह भी कहा है कि ऐसे समाज विरोधी को चिह्नित करके समाज से बहिष्कार करें। बंदी का विरोध करें, और आने वाले सरहुल पर्व की तैयारी धूमधाम से करके समाज अपनी सकारात्मक और विकास प्रिय होने का परिचय दें। इस मौके पर मुख्य रूप से शिलाजीत तिर्की अध्यक्ष केंद्रीय सरना समिति, रूपचंद केवट, अजीत उरांव अध्यक्ष झारखंड क्षेत्रीय पहाड़ा, राजीव सरना प्रार्थना सभा भारत, बड़ा घाघरा डोरंडा सरना समिति, सचिन कच्छप केंद्रीय सरना समिति, सदस्य कैलाश तिर्की, मुन्ना आरंग की केंद्रीय सरना समिति, कृष्ण मुंडा मोरहाबादी सेवा समिति, दयाराम आदिवासी छात्र संगठन रवि मुंडा, तेतर टोली सरना समिति, सोनम लाकड़ा, दीपिका कश्यप सुनील सोरेन, अमित मुंडा, अखिलेश पाहन, तुषार कश्यप, सुभाष मुंडा, अमित मुंडा सहित अन्य आदिवासी छात्र संगठन के सदस्य मौजूद थे।



## इन आदिवासी संगठनों ने किया रांची बंद का विरोध

**रांची बंद का समर्थन नहीं करने वाले आदिवासी संगठनों में हेसल सरना समिति, बड़ा घाघरा सरना समिति, मनी टोला सरना समिति, पोखर टोली सरना समिति, हरमू सरना समिति, पहाड़ी टोला सरना समिति, कडरू फूल टोली सरना समिति, नया टोली बरियातू सरना समिति, राजीव पड़ाहा सरना प्रार्थना सभा भारत महिला प्रकोष्ठ, केंद्रीय सरना समिति भारत, हरमू ढेला टोली सरना, समिति खोखमाटोली सरना समिति, बिरसा चौक सरना समिति, मोरहाबादी तेतर टोली सरना समिति, रांची महानगर सरना प्रार्थना सभा रांची, खिजरी सरना समिति नामकुम, लोवाडीह सरना समिति, 22 पड़हा सरना समिति कोकर, बांध गाड़ी सरना समिति, न्यू गार्डन सरना समिति सिरम टोली रांची शामिल हैं।**

### हेमंत सोरेन सरकार का राज्य के आदिवासियों को बड़ा तोहफा

# सीएनटी-एसपीटी की जमीन पर लोन लेना होगा आसान

**बैंकों को एक क्लिक में मिलेगी जमीन की प्रकृति की पूरी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने आदिवासियों के लिए बड़ा तोहफा देने की तैयारी की है। इसके तहत सीएनटी-एसपीटी एक्ट के अंतर्गत आनेवाली जमीन पर अब बैंक लोन मिलने में आसानी होगी। राज्य सरकार बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल को ग्राहकों के लिए बैंकों के माध्यम से ज्यादा उपयोगी बनाने जा रही है। अभी तक बैंकों से आदिवासी जमीन पर सीएनटी एक्ट के कारण किसी भी तरह का लोन मंजूर करने में परेशानी होती थी। अगर ऋण की मंजूरी मिलती भी थी, तो उसके लिए बैंकों को कई सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पड़ते थे। अब बैंकों के पास जमीन किस नेचर की है, उसकी पूरी जानकारी रहेगी।



**बैंक अधिकारी जान सकेंगे जमीन का पूरा इतिहास :** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) कृषि उप समिति के साथ मंत्रणा कर नियमों को अब ज्यादा पारदर्शी बनाने में जुटी है। पोर्टल में 36.84 लाख लाभार्थियों का डाटा होगा, जो अगले कुछ दिनों में उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसके बाद बैंक अधिकारी खुद बैंक में बैठे-बैठे ही एक क्लिक पर जमीन का पूरा इतिहास आसानी से जान सकेंगे। इसके बाद एसटी, एससी वर्ग से आनेवाले लोगों के लिए सीएनटी एक्ट के अंतर्गत आने वाली जमीन पर भी बड़े लोन दिये जा सकेंगे।

**बैंकों के पास होगा अलग लॉग इन आइडी-पासवर्ड**

कृषि विभाग निकट भविष्य में एक मास्टर लॉग इन तैयार कर उसे एसएलबीसी को देगा, जिसके बाद एसएलबीसी संबंधित बैंकों की लॉग इन आइडी बनायेगा और बैंक अपनी शाखाओं के लिए लॉग इन क्रेडेंशियल प्रदान करेगा। पोर्टल में 16 लाख किसानों के भूमि रिकॉर्ड और किसान विवरण के साथ-साथ बैंक खाते और बैंकों द्वारा प्राप्त सुविधा भी दर्शायी जायेंगी। उसके बाद आने वाले दिनों में लगभग 35 लाख किसानों का अतिरिक्त विवरण उनके भूमि रिकॉर्ड के साथ अपलोड किया जायेगा।

### झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस का राजभवन के सामने धरना-प्रदर्शन

# केंद्र सरकार महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम कर रही : शिल्पी नेहा तिर्की

**महिला आरक्षण विधेयक, महिला सुरक्षा, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने को लेकर दिया धरना**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा ने कहा कि महिला अधिकार और सुरक्षा के सवाल पर केंद्र की बीजेपी सरकार सिर्फ ठगने का काम कर रही है। वोट की राजनीति के लिए केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया। देश की महिलाओं को इसका लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना होगा। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी के द्वारा की गयी घोषणा धरातल पर नजर आती है। तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण और झारखंड में कांग्रेस के द्वारा मंत्री मंडल में महिलाओं को 50 प्रतिशत अधिकार इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हक, अधिकार और सुरक्षा के सवाल पर लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। महिलाओं को एक जुट होकर अपनी लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना होगा। ये बातें उन्होंनें राजधानी रांची में राजभवन के बाहर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में कहीं।

जानकारी के लिए बता दें कि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित इस प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में महिला आरक्षण विधेयक, महिला सुरक्षा, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण सहित अन्य कई मुद्दों को उठाया गया।

महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक सहित प्रदेश कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

### आपदा प्रबंधन मंत्री से कृषि मंत्री ने की बात

# फसल नुकसान का मुआवजा देगी सरकार: शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** झारखंड में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल को हुए नुकसान का आकलन शुरू हो गया है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से वार्ता की है। फसल नुकसान को लेकर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों के अधिकारियों ने आकलन शुरू कर दिया है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फसल नुकसान का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश और ओलावृष्टि में खेत में लगी फसल को भारी नुकसान की शिकायत लगातार मिल रही है। रिपोर्ट के आधार पर किसानों को उनके फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के फसल नुकसान का सरकार बहुत जल्द उचित मुआवजा भुगतान करेगी।

# रचनात्मकता की नयी परिकल्पना : भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है। यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नये सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1 से 4 मई को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गयी एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।

दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है, इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग 'कलात्मक प्रतिभा के संगम' के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है।

वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है । इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है।

'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनायेगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआइ-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जायेगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाजार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है।




पारंपरिक समारोह- संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनायेगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।

हाल ही में 'ड्यूनः पार्ट टू' द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है, वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है। यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है।

जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केंद्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है।

शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े।

वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक 'वेव्स घोषणा 2025' में परिणत होगा, जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा, जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभांन्वित करेगी।

वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है। एआइ द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 18.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.00 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.52 बजे | |



## पेयजल, गृह और उत्पाद विभाग की अनुदान मांग विधानसभा से मंजूर

# पांच साल से भागे अपराधियों की कुंडली लिखी जा चुकी है: योगेंद्र





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को पेयजल, गृह और उत्पाद विभाग की अनुदान मांग पर बोलते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमारी पुलिस ने पुरुषार्थ दिखाया है। पुरुषार्थ पर अंकुश विपक्ष लगाता है। 95 फीसदी जटिल केस का पुलिस ने उद्‌भेदन कर दिया है। जो अपराधी पांच साल से भागे हुए हैं, उनकी भी कुंडली लिखी जा चुकी है। उनको भी अंदर जाना होगा। अपराध की श्रेणी पर तय होगा कि इधर जाना है कि उधर।

### उत्पाद विभाग लक्ष्य से सिर्फ 19 करोड़ पीछे

उत्पाद विभाग के बारे में मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2700 करोड़ राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अब तक 2681 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है। अवैध शराब कारोबार पर नियंत्रण हुआ है। इससे पहले जयराम महतो ने कहा कि हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया पूरी की जाये। आज पुलिस-माफिया की सांठ-गांठ है। जनता से पुलिस की दूरी बढ़ रही है।

### अवैध बोरिंग का व्यापारीकरण नहीं

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि अब राज्य में अवैध तरीके से बोरिंग का व्यापारीकरण नहीं होगा। इसके लिए विभाग के सचिव को निर्देश दिया गया है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का खंडन भी किया और कहा कि विपक्ष कहना है कि उपयोगिता प्रमाण पत्र के कारण केंद्रांश नहीं मिल रहा है। अक्तूबर 2024 में ही उपयोगिता प्रमाण पत्र दे दिया गया। केंद्रांश मिलेगा, तो एक-एक योजना को चालू करेंगे। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2027-28 तक 62 लाख 55 हजार 717 परिवारों को घरेलू नल योजना के तहत पानी पहुंचा दिया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 72 फीसदी परिवारों को अच्छादित कर दिया जायेगा। हेमंत सरकार में लूट या बंदरबांट नहीं हो सकती।

### जब हम सीएम थे, तो कहा था कि दुर्गा पूजा और ईद में सड़क क्लीयर रहेगी : बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब हम सीएम थे, तो दोनों समुदाय को बुलाकर बात की थी। कहा था कि दुर्गा पूजा और ईद में सड़क क्लीयर रहेगी। सड़क में बाजार नहीं लगेगा। आज भी दुर्गा पूजा का पंडाल सड़क के किनारे बनता है। सीएम से आग्रह है कि मुख्य सड़क को क्लीयर करायें। मैंने अपने 20 महीने के कार्यकाल में कानून व्यवस्था से कभी समझौता नहीं किया। पहली बार सीएम बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने हेमलाल को कहा कि सरकार गिराने में आपकी बड़ी भूमिका रही।

### गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं बाबूलाल, इसलिए हम जल्दी भागे: हेमलाल मुर्मू

हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं। इसलिए हम पहले ही भाग गये। धोखा देकर 12 बजे रात में बाबूलाल का शपथ ग्रहण कराया। यहीं पर गड़बड़ हो गया। जब 1932 का मामला आया, तो बाबूलाल को रास्ता दिखा दिया गया। हम तो झटक गये थे, इसलिए इधर सटक गये। विपक्ष हर बात पर खोंचा लगाते रहेगा। पीआइएल दाखिल करता रहेगा। हेमलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन पूरे देश के ऑइकॉन हैं। हम 1932 के पक्षधर हैं। इसे लागू करेंगे। हेमंत को रिप्लेस करने की संभावना दूर-दूर तक नहीं है। रघुवर दास पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन सीएम ने लिट्टीपाड़ा में पेयजल आपूर्ति के लिए 217 करोड़ की योजना स्वीकृत की। इसकी 70 फीसदी राशि खर्च हो गयी, पर एक बूंद पानी नहीं मिला। ये जांच का विषय है। हेमलाल ने कहा कि ये लोग सेंटीमेंटल उत्पीड़न देने का काम करते हैं। बाहर से फायर ब्रांड नेता को बुलाते हैं, जो अपने ढंग से चलाने का काम करते हैं। गायबथान भी फायर ब्रांड नेता गये थे। इन सब का मंसूबा खत्म हो गया।

### सरकार में पुरुषार्थ है, तो ईद के समय मेन रोड को क्लीयर करायेः सीपी सिंह


गृह विभाग और पेयजल विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा में विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पुलिस भ्रष्टाचार की चिता पर जल रही है। गृह विभाग अपराधियों के अधीन नाचता है। पुलिस का मतलब होता है पुरुषार्थी, लिप्सारहित और सहयोगी। बिहार में कुणाल अफसर थे, जिससे लालू भी थर-थर कांपते थे। इस पर सुदिव्य सोनू ने कहा कि जो व्यक्ति इस सदन में नहीं है, उसका नाम लेना उचित नहीं। यह स्वस्थ्य परंपरा नहीं। वरिष्ठ सदस्य हैं, सदन में नया रास्ता गढ़ रहे हैं। इसके बाद सीपी सिंह ने लालू का बिना नाम लिये कहा कि इडी वाला लोग रोज चार घंटे पूछताछ कर रहा है। दोनों बेटा और बेटी से पूछताछ हो रही है। इस पर सुरेश पासवान ने कहा कि लालू प्रसाद ने आडवाणी को हथकड़ी लगाकर मसानजोर में बंद कर दिया था। सीपी सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पुलिस को ऐसा बना दिया कि उसका पुरुषार्थ समाप्त हो गया। रांची एसएसपी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे भले आदमी हैं। उन्होंने कहा था कि यदि होली में किसी ने हुड़दंग किया, तो 10 फीट जमीन में गाड़ देंगे, लेकिन जब हिंदपीढ़ी में बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है, तो यह पुरुषार्थ कहां चला जाता है। ऐसे आरोपी को तो कम से कम पांच फीट नीचे गाड़िये। यूपी में समाजवादी सरकार के समय भी वहीं पुलिस थी। आज भाजपा के समय भी वही पुलिस है। लेकिन संभल जैसी जगह में 40 साल बाद होली खेली गयी। उन्होंने कहा कि आज अतिक्रमण के नाम पर पुलिस वाले विशेष क्षेत्र में पुरुषार्थ दिखाने का काम करते हैं। दूसरे क्षेत्र में शिखंडी हो जाते हैं। कानून सबके लिए एक होता है। ईद से चार-पांच दिन पहले काली मंदिर रोड पर बैरियर लगा दिया जाता है। अगर सरकार में पुरुषार्थ है, तो मेन रोड को मुक्त करायें। आने-जाने का रास्ता रोकते हैं। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि छठ में भी बाजार लगता है। स्पेशल बाजार लगता है। इस तरह की बात क्यों हो रही हैं। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि खुद में झांकने का जिगर होना चाहिए। पर्व आस्था का है, लेकिन अन्याय नहीं। छठ में एक दिन के लिए रातू रोड, हरमू रोड और मेन रोड को बंद करने दें। पुलिस पुरुषार्थ दिखाने का काम करे। कर्बला चौक में सिटी एसपी की गाड़ी जला दी जाती है। मेन रोड में दारोगा की पिटाई हुई। हिंदपीढ़ी में डीएसपी की पिटाई हुई।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा। लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा।
- **वृष** — नवीन योजना बनेगी,आमदनी में वृद्धि। धर्म-कर्म में रुचि। मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — उत्साह उमंग भरा होगा। पदोन्नति। व्यवसाय में लाभ के अवसर। पारिवारिक सुख मिलेगा।
- **कर्क** — अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी। आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है।
- **सिंह** — मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** — नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा,रुका हुआ काम पूरा होगा,संतान सुख।
- **तुला** — नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना हो सकता है।
- **वृश्चिक** — संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि। परेशानी से छुटकारा मिलेगा।
- **धनु** — चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — आमदनी के साधनों में सुधार होगा। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **कुंभ** — कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें।
- **मीन** — वाणी पर नियंत्रण रखें। सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना।

### पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करें : ममता देवी



रांची (आजाद सिपाही)। रामगढ़ की कांग्रेस विधायक ममता देवी ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि झारखंड पुलिस का फॉर्म 22 जनवरी 2024 से शुरू होकर 21 फरवरी 2024 तक भरा गया था। इसकी कोई भी लिखित या शारीरिक दक्षता परीक्षा आज तक नहीं हुई, जिसके कारण 19.5 लाख अभ्यर्थी परेशान हैं। इसके कारण झारखंड राज्य के अभ्यर्थी अन्य राज्यों में जाकर परीक्षा का फॉर्म भर रहे हैं या अन्य राज्यों में जाकर मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। जनहित एवं छात्रहित में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करें। इस प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि कई जटिलताओं के कारण इसे स्थगित किया गया। जो कमियां हैं, उन्हें दूर कर प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है।

# डीएमएफटी की गाइडलाइन से हो रहा है नुकसान, विपक्ष सहयोग करेः सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को ध्यानाकर्षण के जरिये मनोज यादव ने पूछा कि हजारीबाग जिला में 2023 की जिला योजना अनटाइड फंड के तहत जनसंख्या के आधार पर राशि का आवंटन जिले में किया जाता था। 2024 से जिला में 30 करोड़ से अधिक डीएमएफटी मद की राशि है, उन जिलों को सिर्फ आठ करोड़ रुपये अनटाइड फंड में फिक्स कर दिया गया है, जबकि डीएमएफटी मद का कार्य क्षेत्र निर्धारित है। बहुत कुछ कार्य डीएमएफटी मद से नहीं किया जा सकता है। साथ ही हजारीबाग जिला में कुल 16 प्रखंड हैं, जिसमें मात्र छह प्रखंड ही डीएमएफटी मद के नये नियमानुसार डायरेक्टली एवं इनडायरेक्टली क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। शेष 10 प्रखंड सिर्फ आठ करोड़ के भरोसे हैं, जबकि 6-7 प्रखंड वाले जिलों को 15 से 18 करोड़ का आवंटन दिया जा रहा है। उन्होंने हजारीबाग और अन्य जिले को पुराने नियम के अनुसार जनसंख्या के आधार पर जिला योजना अनटाइड फंड की राशि आवंटित करने की मांग की।

इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जनहित के कार्य के लिए राज्य सरकार गंभीर है। सरकार असमान वितरण को गंभीरता से देख रही है। डीएमएफटी गाइडलाइन से नुकसान हो रहा है। इसमें विपक्ष की सहयोग की जरूरत है। इसके लिए नीतिगत फैसला लिया जायेगा। आकांक्षी जिलों के अनुसार प्रखंडों को यूनिट मानते हुए समान वितरण की व्यवस्था की जायेगी।

## विधानसभा में घिरे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# बिल्डिंग और गेट बनाने से नहीं होगा, रिनपास को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलायें : हेमलाल मुर्मू





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को घेरा। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग और गेट बनाने से नहीं होगा। रिनपास को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलायें। संस्थान प्रभारी निदेशक के भरोसे ही चल रहा है। रांची को मेंटल हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता है। वहां अब तो टेली मेडिसिन भी नहीं हो रहा है, दवा भी उपलब्ध नहीं है। इस पर इरफान अंसारी ने कहा कि टेली मेडिसिन की सुविधा देंगे। तुरंत चमत्कार नहीं हो सकता। सभी जिले में दवा उलब्ध है। 54 करोड़ 90 लाख रुपये से रिनपास के भवन का निर्माण होगा। इसके बाद एकेडेमिक के लिए प्रयास करेंगे। यूनिवर्सिटी के लिए भी प्रयासरत हैं।

### राज सिन्हा से इरफान ने कहा: हवा में प्रश्न न करें



धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा के सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जननी योजना में गड़बड़ी हुई है। जांच चल रही है। कार्रवाई का आदेश दिया गया है। 24 जिले में 31 करोड़ रुपये दिये गये हैं, तो 50 करोड़ की अनियमितता कहां से हुई। हवा में प्रश्न न करें। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अखबार के माध्यम से क्यों जांच करें।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल 99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किये गये, जिसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों की स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) की गयी है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 842297 महिला लाभान्वित हुईं। इसके अलावा वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत महिलाओं के बंध्याकरण के लिए कुल-3114.42 लाख राशि खर्च की गयी। मोतियाबिंद कैप एवं ऑपरेशन मद्द में कुल 1452.05 लाख राशि खर्च की गयी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) के लिए कुल 739.1 लाख राशि खर्च की गयी। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 4686.78 लाख राशि खर्च की गयी। कोडरमा एवं गोड्डा जिले में जननी सुरक्षा योजना के तहत बरती गयी अनियमितता से बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

राज सिन्हा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है, जिसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गयी।

## प्रदीप प्रसाद ने की हजारीबाग मिशन ग्राउंड को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

# मिशन ग्राउंड का मामला अदालत में लंबित : बिरुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को विधानसभा में हजारीबाग मिशन ग्राउंड का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार यह मानती है कि मिशन ग्राउंड खास महाल की जमीन है, लेकिन उसे अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा रहा है। इसके जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने सदन को जानकारी दी कि मिशन ग्राउंड का मामला अदालत में लंबित है। अदालत का फैसला आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन को बताया कि मिशन ग्राउंड की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है, उनमें कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। लंबे समय से अदालत में इस मामले को टाला जा रहा है। सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। विधायक ने यह भी मांग की कि मिशन ग्राउंड को अतिक्रमण मुक्त कर इसे सजाया-संवारा जाये, क्योंकि यह ग्राउंड हजारीबाग शहर के लिए महत्वपूर्ण है।






# जन भावनाओं को समझते हुए काम करे प्रशासन : संजय सेठ

**जहां जलापूर्ति होनी है, उसी क्षेत्र में हो जलमीनार का निर्माण**

**स्थानीय निवासियों को परेशान नहीं करे प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू कॉलोनी में जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। नागरिकों का विरोध भी तर्कसंगत है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस मुद्दे पर प्रशासन को भी जन भावनाओं का ख्याल रखने की सलाह दी है।

श्री सेठ ने कहा कि हरमू कॉलोनी के लोग चाहते हैं कि यहां जलमीनार का निर्माण ना होकर, अन्य स्थान पर किया जाये। इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्माण को तुरंत रोका जाये। उन्होंने कहा कि हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलते हैं। शादी विवाह और अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। वैसे भी वहां पहले से हेल्थ सब सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। जलमीनार का निर्माण हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी देने के लिए निर्माण किया जा रहा है। पानी की सप्लाई हिंदपीढ़ी में होनी है तो फिर इसका निर्माण भी हिंदपीडी में ही किया जाना चाहिए। हरमू में प्रशासन जबरन काम कर रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस कार्य का विरोध करने पर प्रशासन वहां के बुजुर्ग, महिलाएं वहां के स्थानीय लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर रहा है। जनभावनाओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के उपायुक्त से बात कर जल मीनार के काम को रोकने, स्थानीय लोगों को परेशान नहीं करने को कहा है।

# बारिश से रांची सहित कई जिलों में गिरा 10 डिग्री पारा

**22 और 23 मार्च को भी बारिश, तेज हवा चलने और ओलावृष्टि का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया**

शिवम कुमार

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी सहित झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी। हालांकि बारिश के बाद मौसम काफी सुहावना हो गया। लेकिन बादल छाया रहा। बीच-बीच में धूप भी निकली। बारिश होने से रांची में तापमान लगभग 10 डिग्री गिरकर 34 से 24 डिग्री पहुंच गया। तापमान गिरने से ठंड फिर से लौट आयी और लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े। मौसम विभाग ने 22 और 23 मार्च को भी विभिन्न जिलों में बारिश, तेज हवा चलने और ओलावृष्टि को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 22 मार्च को राज्य दक्षिणी जिले पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां, मध्यवर्ती हिस्सा रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग और उत्तर-पूर्वी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका समेत अन्य इलाकों में इससे जुड़े इलाकों में गर्जन और 40-50 किमी की गति से हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 23 मार्च को दक्षिण-पूर्वी उत्तर-पूर्वी हिस्सों में गर्जन और 30-40 कि गति से हवा चलने को लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# संत, पंथ और ग्रंथ की रक्षा का संकल्प लें : शंकराचार्य महाराज

**शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज को आयोजन समिति ने दी भावभीनी विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के संयोजक मंडल ने रांची के अग्रसेन पथ स्थित महाराजा श्री अग्रसेन भवन में प्रवास द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज को भावभीनी विदाई दी। विदाई के समय जगतगुरु ने आयोजन समिति के उपस्थित सदस्यों को अमूल्य रुद्राक्ष माला भेंट किया।

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने विदाई अवसर पर अभिनंदन समिति और रांची के प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्था से कहा कि संत, पंथ और ग्रंथ की रक्षा का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। आधुनिकता और परंपरा में संतुलन बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। रांची शहर बहुत ही शांतिपूर्ण और धार्मिक वातावरण में बसा हुआ है और यहां के लोग हमेशा धर्म और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हैं। उन्होंने रांची में इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही। ताकि लोग अधिक धार्मिक और मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। इस आयोजन ने रांची में एक नया अध्याय जोड़ा है।

धर्मगुरु के विदाई अवसर में- समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, संयोजक मंडल बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, प्रमोद शाश्वत, अशोक पुरोहित, पवन पोद्दार, ललित नारायण ओझा, नंदकिशोर चंदेल, सौरभ सरावगी, सज्जन पाड़िया, नरेंद्र डिडवानिया के अलावा बड़ी संख्या में भक्तगण एवं धर्म प्रेमी उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के संयोजक मनोज बजाज ने दी।

# तीन-दिवसीय उमंग मेला और प्रदर्शनी का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फोरम ऑफ वोमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआइ शाखा एवं कस्तूरी महिला सभा, कांके रोड, रांची के तत्वावधान में संस्थान के रवींद्र भवन में 21 से 23 मार्च तक तीन-दिवसीय उमंग मेला-सह-प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रूपाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के महिलाओं को सशक्त बनाना और छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बिक्री के लिए एक मंच प्रदान करना है। साथ ही मिट्टी, जूट, बांस एवं लकड़ी के उत्पाद आदि जैसे प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल चीजों के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस मेले में आधुनिक परिधान/साड़ियां, उत्कृष्ट आभूषण, घरेलू सामान, कलाकृति एवं सजावट, सजावटी पौधे और स्वादिष्ट भोजन से संबंधित लगभग 50 स्टॉल लगाये गये हैं। इस अवसर पर सुषमा भारती, विप्स की समन्वयक पूनम सिंह, सचिव चारू ओबेरॉय एवं कोषाध्यक्ष दीप्ति पिल्लै और कस्तूरी महिला सभा की सचिव अंजू सिंह के अलावा विप्स एवं कस्तूरी महिला सभा की अन्य सदस्य भी उपस्थित थीं।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन सत्संग और अन्नपूर्णा महाप्रसाद कल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री राधा- कृष्ण मंदिर में रविवार 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से संजीवनी सखी ग्रुप की 100 से भी अधिक महिला सदस्यों के द्वारा भव्य भजन- कीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अपराह्न 1 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में 199 वां श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंदिर में होने वाले भजन-कीर्तन सत्संग कार्यक्रम मे भाग लें और अन्नपूर्णा महाप्रसाद ग्रहण करें।

## तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गणित और सांख्यिकी सम्मेलन का समापन

# डेटा साइंस का भविष्य उज्ज्वल : डॉ दिनकर प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गणित एवं सांख्यिकी सम्मेलन (आइसीएमएसडीएस-2025) का समापन वैलिडेक्टरी समारोह के साथ हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन गणित विभाग और सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये और डेटा साइंस के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विचारों पर चर्चा की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दिनकर प्रसाद, अतिरिक्त आयुक्त, जीएसटी, उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डेटा साइंस का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है और इसके प्रभाव से विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं को इस क्षेत्र में शोध और नवाचार के लिए प्रेरित किया।

### सम्मेलन की मुख्य झलकियां

तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में विभिन्न प्लेनरी टॉक्स, आमंत्रित व्याख्यान और तकनीकी सत्र आयोजित किये गये।

प्लेनरी टॉक्सः अमेरिका, भारत और अन्य देशों के विशेषज्ञों ने गणितीय मॉडलिंग, सांख्यिकी तकनीक और डेटा विश्लेषण पर व्याख्यान दिये।

तकनीकी सत्रः गणित, सांख्यिकी और डेटा साइंस में नवीनतम अनुसंधान प्रस्तुत किए गये। आमंत्रित वक्ताः प्रो. दीपाली स्वैन (एफपीयू, यूएसए), प्रो के श्रीनिवास राव (आंध्र यूनिवर्सिटी), प्रो. मानस रंजन त्रिपाठी (एनआइटी राउरकेला) सहित कई प्रतिष्ठित विद्वानों ने अपने व्याख्यान दिये।

समापन समारोह में प्रो जे महापात्रा (एनआइटी राउरकेला) और प्रो केबी पांडा (सीयूजे) ने भी अपने विचार साझा किये। उन्होंने इस सम्मेलन को ज्ञानवर्धक बताते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

वैलिडेक्टरी सत्र के बाद लंच के साथ सम्मेलन का औपचारिक समापन हुआ। इस सम्मेलन ने डेटा साइंस में शोध और नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

## इक्फाई विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित

# नौ स्वर्ण, नौ रजत पदक समेत 231 विद्यार्थियों की दी गयी डिग्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड का 5वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में स्नातक करनेवाले कुल 231 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। इसमें 15 पीएचडी शामिल हैं। नौ स्वर्ण पदक और नौ रजत पदक दिये गये। इन्हें क्रमशः विभिन्न कार्यक्रमों के शीर्ष रैंकर्स और दूसरे रैंकर्स को प्रदान किया गया। समारोह में इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर इक्फाई सोसाइटी की अध्यक्ष एन शोभा रानी यशस्वी, अध्यक्ष वीआर शंकर, पूर्व कुलपति प्रो डॉ ओआरएस राव और कुलाधिपति प्रो डॉ टीआरके राव सहित इक्फाई परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी प्रथाओं, पाठ्येतर गतिविधियों आदि जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है, ताकि वे अपने नियमित शैक्षणिक प्रदर्शन के अलावा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमारे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी चुनौतियों का सामना करेगा, ताकि वे नौकरी चाहने वाले न होकर नौकरी निर्माता बनें।

कर्नल डॉ रंजीत ने न्यायाधीश को विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट और 5वें दीक्षांत समारोह के विवरण से भी अवगत कराया। स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो डॉ टीआरके राव ने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें नवोन्मेषी होना चाहिए और दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों से पार पाने के लिए कुछ अनोखे विचार खोजने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय डिजिटल परिवर्तन, आविष्कारशील सोच और रचनात्मकता को प्राथमिकता दे रहा है, तकनीक-संचालित समाधानों, लाइव समस्या समाधान तकनीकों और अग्रगामी सोच वाले नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और उन्होंने स्कूल और जीवन के बीच के अंतर को उजागर किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में छात्र पहले सीखते हैं और फिर परीक्षा देते हैं, जबकि जीवन में लोग चुनौतियों का सामना करते हैं और फिर उनसे सीखते हैं।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) जेबी पटनायक ने झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों, कुलपतियों और विभिन्न सरकारी अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति का उल्लेख करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव रखा। उन्होंने संयोजक प्रोफेसर सुमित कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूरी दीक्षांत समारोह टीम और कर्मचारियों को भी विशेष धन्यवाद दिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दिव्यांग, दृष्टिबाधित, निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 23 को, तैयारियां पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ रांची द्वारा विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से 23 मार्च को सुबह- 9 बजे से अपराह्न- 3 बजे तक श्री राणी सति मंदिर रातू रोड रांची के प्रांगण स्थित हनुमान बक्श पोद्दार सत्संग भवन में इस वर्ष 41 जोड़ियों का पाणिग्रहण संस्कार हेतु आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं विवाह समारोह के संयोजक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी कन्याओं का विवाह सनातन वैदिक रीति से पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज द्वारा संपन्न कराया जायेगा। संथाल परगना से आने वाले 150 से अधिक दृष्टिबाधित और दिव्यांग दूल्हा-दुल्हन और बारातियों की आवासीय एवं भोजन की व्यवस्था एक दिन पूर्व 22 मार्च शनिवार को सुबह से की गयी है। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष के आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, दुमका, रांची और खूंटी जिले के 17 दिव्यांग जोड़ियों का विवाह 24 अन्य जोड़ियों के साथ कराया जा रहा है,नौ जोड़ियां दृष्टिबाधित हैं, और आठ जोड़ियां शारीरिक दिव्यांगों की हैं। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु लायंस क्लब के प्रो. हरबींदर बीर सिंह, डॉ देवेंद्र सिंह, दिलीप बंका, बीना बंका, सुनीता चौधरी, शुभ्रा मजूमदार, निशि अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सिद्धार्थ मजूमदार, राजेश मोर, निर्मल मानपुरिया, मनीष गाड़ोदिया, डॉ प्रदीप कुमार, विनोद गढ्वायन, विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश कुमार केशरी, राजेश अग्रवाल, रतन केसरी, अनिल तिवारी, मनोज मुंडा, जितेंद्र महतो, मनीष चौधरी, गुंजन गुप्ता अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

### मानव दिवस कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आवश्यक कदम उठायें : अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद पर निशाना साधा है, जिन्होंने कहा था कि ऊर्जा निगम में कार्यरत मानव दिवस कर्मियों का नियमितीकरण संभव नहीं है। अजय राय ने कहा कि यह बयान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछले चुनाव के दौरान दिये गये आश्वासन के विपरीत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और मानव दिवस कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आवश्यक कदम उठायें।

### रांची विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाला अधिवेशन अब 23 मार्च से

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय दर्शन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित अधिवेशन 22 से 24 मार्च 2025 का उद्घाटन सत्र झारखंड बंदी के कारण परिवर्तित किया गया है। 22 मार्च को होने वाली व्याख्यानमालाएं अब 23 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारंभ होंगी। इसके बाद विभागीय पत्र-वाचन आयोजित की जायेगी। अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का 69वां त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से 24 मार्च 2025 को रांची विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में लगभग 50 वर्षों के बाद आयोजित हो रहा है। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि कुलपति रांची विश्वविद्यालय के प्रो अजीत कुमार सिन्हा रहेंगे। इस अधिवेशन में लगभग 540 अभ्यार्थियों रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। इस अधिवेशन में देश के लगभग 17 राज्यों के 124 विश्वविद्यालयों के विद्वान, दार्शनिक, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। लगभग 100 से अधिक प्रोफेसर, 150 से अधिक सहायक प्रोफेसर और 300 से अधिक शोधार्थी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। पूर्व कुलपति के रूप में प्रो. रजनीश शुक्ला वर्धा विश्वविद्यालय, प्रो. कुसुम रानी पूर्व कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, पूर्व प्रति कुलपति प्रो. आभा सिंह पटना विश्वविद्यालय, विद्वान प्रोफेसर आरसी सिन्हा, प्रो पूनम सिंह, प्रो जटाशंकर अध्यक्ष अखिल भारतीय दर्शन परिषद् एवं प्रो. जे दुबे महामंत्री के अलावे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ अजय कुमार सिंह विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग एवं आयोजन सह-सचिव डॉ. सविता मिश्रा है। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से डॉक्टर पुष्पा सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, देवाशीष मंडल, मलखान सिंह मुंडा, दिव्यानी, रौनक, प्रिया दुबे, कालाचंद, समित, बिरसा, आशा, तनु इत्यादि कई दिनों से सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

### जदयू ने राज्य खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रबंध निदेशक से तत्काल कार्रवाई की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार को करोड़ों रुपये की हानि पहुंचाने के लिए खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदारों ने मिलीभगत की है। उन्होंने बताया कि राज्य में 24 जिलों में खाद आपूर्ति के टेंडर जारी किये गये, लेकिन जिन जिलों में ऊंची दर पर टेंडर हुआ, वहां तुरंत एग्रीमेंट कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। वहीं, जहां कम दर पर टेंडर हुआ, वहां एग्रीमेंट नहीं किया गया और ठेकेदारों को पुरानी ऊंची दर पर ही काम जारी रखने की छूट दी गयी। इस मामले में चतरा और रामगढ़ जिलों का विशेष रूप से जिक्र किया गया है, जहां टेंडर की दर पहले की तुलना में आधी हो गयी थी, लेकिन फिर भी पुराने ठेकेदार को ही एक्सटेंशन दिया जा रहा है। संतोष कुमार सोनी ने राज्य खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रबंध निदेशक से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

### रांची नगर निगम चुनाव 2025: मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप जारी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम चुनाव 2025 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप जारी कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड के निर्देशानुसार 12 मार्च 2025 को यह सूची सभी निर्धारित स्थानों पर प्रकाशित कर दी गयी है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस सूची को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय, संबंधित नगर निकाय कार्यालय, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वॉर्ड कार्यालयों और जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के कार्यालय में देखा जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा या सुझाव देना हो, तो वे संबंधित अंचल अधिकारी कार्यालय या अनुमंडल कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, रांची ने मतदाताओं से यह अपील की है कि वे सूची को ध्यानपूर्वक जांचें और किसी भी गलती मिलने की स्थिति में समय रहते अपनी आपत्ति दर्ज करायें।






## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

# भारतीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में शामिल करें : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कला केंद्र के 38वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार, रांची में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संत जेवियर कॉलेज, रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कमल बोस ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के समन्वयक डॉ बिनोद कुमार ने किया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. कुमार संजय झा ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के उद्देश्यों के बारे बताया। मुख्य अतिथि, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी जड़ों और समृद्ध विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने इसे प्राचीन होने के साथ-साथ आज भी प्रासंगिक बताया। नयी शिक्षा नीति 2022 के संदर्भ में उन्होंने भारतीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में शामिल करने पर जोर दिया। उनके अनुसार, यह नीति शिक्षा को समग्र व प्रभावी बनायेगी और विद्यार्थियों में सांस्कृतिक गौरव व आत्मनिर्भरता विकसित करेगी। उन्होंने इसे समय की मांग और एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्य वक्ता भारतीय संग्रहालय संघ के अध्यक्ष, डॉ. आनंद बर्धन ने भारत के विश्वगुरु के रूप में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को समृद्ध बनाने के लिए पारंपरिक और आधुनिक ज्ञान का समन्वय किया जाना चाहिए।

स्थापना दिवस के अवसर पर साहित्य, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया। इन पुस्तकों ने भारतीय समाज, कला, इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के विविध पहलुओं को समाहित करते हुए शोध और अध्ययन की एक नयी दिशा प्रस्तुत की। विमोचित पुस्तकों की सूची इस प्रकार है–

जनजाति देवलोक एवं धार्मिक परंपरा : यह पुस्तक भारतीय जनजातीय समाज की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं को गहराई से समझने का प्रयास करती है। इसे प्रोफेसर सच्चिदानंद जोशी और डॉ कुमार संजय झा ने सह-लेखन में प्रस्तुत किया है।

फोक, टेडिशनल आर्ट एंड क्राफ्ट ऑफ झारखंड- इस पुस्तक का संपादन उज्ज्वल घोष और डॉ बच्चन कुमार ने किया है। यह पुस्तक राज्य की अनूठी कलात्मक विरासत पर विस्तृत प्रकाश डालती है।

शास्त्र, समाज, संस्कृति एवं विज्ञान - इसके लेखक प्रोफेसर बीएन सरस्वती हैं। यह पुस्तक संस्कृति और विज्ञान के अंतसंबंधों को समझने में सहायक सिद्ध होगी।

फणीश्वरनाथ रेणुः समय, साहित्य एवं समाज के शिल्पी - हिंदी साहित्य के महान कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु के साहित्यिक अवदान, उनके समय और समाज पर केंद्रित इस पुस्तक का लेखन प्रोफेसर सच्चिदानंद जोशी और डॉ कुमार संजय झा ने किया है।

खुदीराम बोस : यंग मैट्री ऑफ प्री इंडिपेंडेंश इंडिया - भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान और उनके योगदान को समर्पित इस पुस्तक के लेखक डॉ कुमार संजय झा और सुमेधा सेनगुप्ता हैं।

इस अवसर पर प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायिका डॉ. सुभद्रा देसाई ने अपनी प्रतिभाशाली टीम के साथ एक शानदार संगीत प्रस्तुति दी।

# राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

## 27 मार्च के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आगामी 27 मार्च को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान पुराना विधानसभा, रांची में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, रविंद्र सिंह, सतीश पॉल मुंजिनी, गजेंद्र सिंह, मेहुल दुबे ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस विशेष कार्यक्रम में प्रभारी के राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों और पूर्व एनएसयूआइ नेताओं के साथ संवाद का सत्र आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 100 महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। इसके उपरांत बजे पासवा स्वयंसेवकों के साथ चर्चा होगी। केशव महतो कमलेश ने आयोजन समिति के संयोजक आलोक कुमार दुबे को निर्देश दिया कि सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाये। इसके अलावा, इस कार्यक्रम के दौरान उद्यान के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय गोपाल झा को भी श्रद्धांजलि दी जायेगी।

## तीन दिवसीय अनलॉकिंग झारखंड लाइवलीहुड पोटेंशियल कार्यशाला

# पलाश उत्पादों को बाजार में लाने की पहल करें : कंचन सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रांची में तीन दिवसीय अनलॉकिंग झारखंड लाइवलीहुड पोटेंशियल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में सफल आजीविका मॉडल और उत्कृष्ट योजनाओं पर चर्चा करना, कृषि, गैर-कृषि क्षेत्र, कौशल विकास और डिजिटल नवाचार के माध्यम से सतत आजीविका मॉडल को बढ़ावा देने हेतु सहयोग और क्रियान्वयन रणनीतियों का विकास करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन सीइओ जेएसएलपीएस, कंचन सिंह व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर दीपक उपाध्याय, एसपीएम (मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन), ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस इकाई का मुख्य उद्देश्य भारत में किये जा रहे नवीन कार्यों का संकलन और क्रियान्वयन करना है। अपने संबोधन में कंचन सिंह ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण को और अधिक मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों को सखी मंडलों से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे विभिन्न आजीविका साधनों से जुड़ सकें। उन्होंने पलाश ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने, पैकेजिंग और प्रेजेंटेशन को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और उपभोक्ताओं से भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाने के लिए समन्वित रणनीति अपनाने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में उपस्थित सरहुल आजीविका किसान उत्पादक कंपनी की सदस्य आशा देवी और शशि बाला देवी ने अपनी सफलता की कहानी साझा की और बताया कि कैसे ग्रामीण महिलाओं के इस उत्पादक कंपनी का टर्नओवर एक करोड़ रुपये तक पहुंचा।

कार्यशाला के समापन समारोह में कंचन सिंह ने कहा कि इस आयोजन से सभी को नये अनुभव और सीखने के अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि जेएसएलपीएस की टीम विभिन्न आजीविका मॉडलों का क्षेत्र भ्रमण करेगी और पीएमयू द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं का संकलन किया जायेगा। साथ ही, एक राष्ट्रीय कार्यशाला और रूरल इनोवेशन फोरम का आयोजन किया जायेगा, जहां ग्रामीण महिला उद्यमी अपने नवाचार प्रस्तुत कर सकेंगी। उन्होंने पलाश ब्रांड को और अधिक सशक्त बनाने और पलाश उत्पादों को बाजार में लाने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के अंत में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

# बांगरिपोशी-पुरी के बीच एलएचबी कोच वाली ट्रेनें चलेंगी : रेल मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** सांसद ममता मोहंता द्वारा बांगरिपोशी-पुरी के बीच ट्रेन सेवा के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बांगरिपोशी-पुरी क्षेत्र में 01 जोड़ी ट्रेन (12891/12892 बांगरिपोशी-पुरी एक्सप्रेस) द्वारा सेवा दी जा रही है, जो प्रतिदिन चलती है। इसके अलावा, भारतीय रेलवे में ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ और उनकी आवृत्ति में वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है, जो यात्री यातायात के कारण, परिचालन की संभावना, और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर की जाती है।

भारतीय रेलवे केवल उन कोचों का उपयोग करती है जो यात्री वाहक ट्रेनों के संचालन के लिए सभी दृष्टिकोणों से फिट होते हैं और अपनी कोडल जीवन सीमा के भीतर होते हैं। इसके अलावा, पुराने/क्षतिग्रस्त कोचों को नये कोचों से बदला जाता है, जो उनकी आयु और स्थिति के आधार पर होते हैं। इसके अतिरिक्त, यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के अपने प्रयास में भारतीय रेलवे ने आधुनिक लिंक हॉफमैन बुश कोचों का प्रसार/प्रवेश करने का निर्णय लिया है और उन ट्रेनों को एलएचबी कोचों में बदलने का कार्य किया जा रहा है जो पारंपरिक कोचों से संचालित हो रही हैं, यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है, जो परिचालन की संभावना, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर है।

### यात्री बढ़ने पर विशेष ट्रेनें संचालित की जाती हैं : अश्विनी वैष्णव

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सांसद डॉ शश्मित पात्रा द्वारा बारिपदा से पुरी तक ट्रेन कनेक्टिविटी के संबंध में उठाये गये सवाल के जवाब में अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे नियमित ट्रेन सेवाएं संचालित करता है, जिन्हें अतिरिक्त यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनें संचालित की जाती हैं। इस प्रकार, भंजपुर-पुरी क्षेत्र में 01 जोड़ी ट्रेन सेवा संचालित की जाती है। 12891/12892 बांगरिपोषी-पुरी एक्सप्रेस (प्रत्येक दिन), जो चेयर कार कोच के साथ संचालित होती है। 12891 बांगरिपोशी-पुरी एक्सप्रेस, बांगरिपोशी से 04:20 बजे प्रस्थान करती है। इसकी बारिपदा में समय 05:04/05:06 बजे है और यह भुवनेश्वर 10:00 बजे पहुंचती है। भंजपुर-पुरी क्षेत्र को 08011/08012 भंजपुर-पुरी विशेष (सप्ताह में दो बार) द्वारा भी सेवा दी जा रही है, जो बारिपदा और भुवनेश्वर के रास्ते संचालित होती है। इसके अलावा, नयी ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ या सेवाओं की आवृत्ति में वृद्धि भारतीय रेलवे की एक सतत प्रक्रिया है, जो यातायात के हिसाब से, संचालन की सुविधा, संसाधन उपलब्धता आदि पर निर्भर करती है।

# पूर्व तट रेलवे ने माल परिचालन में उत्कृष्टता हासिल की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के पास महत्वपूर्ण माल ढुलाई मील के पत्थर हासिल करने की एक दीर्घकालिक विरासत है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में 200 मीट्रिक टन को पार करने वाला अविभाजित दक्षिण पूर्व रेलवे के बाद यह दूसरा रेलवे क्षेत्र था। आज, इसने लगातार दो वर्षों तक 250 मीट्रिक टन माल लदान हासिल करने वाले पहले क्षेत्र के रूप में खुद को स्थापित किया है। विभिन्न परिचालन चुनौतियों के बावजूद, यह रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धि

> **पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र में पांच प्रमुख बंदरगाह हैं : पारादीप, धमारा, विशाखापत्तनम, गंगावरम और गोपालपुर**

सावधानीपूर्वक योजना, सरकारी क्षेत्रों, उद्योगों और हितधारकों के साथ सहज समन्वय और दक्षता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से संभव हुई। महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल के गतिशील नेतृत्व में, पूर्व तट रेलवे ने अपने माल परिचालन में लगातार उत्कृष्टता हासिल की है। इस उपलब्धि को हासिल करने में उनकी रणनीतिक दृष्टि, प्रेरक नेतृत्व और टीम वर्क पर जोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूर्व तट रेलवे के समर्पित कार्यबल ने अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और अथक प्रयासों से सफलता की इस गति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह अभूतपूर्व प्रदर्शन माल परिवहन में अग्रणी के रूप में पूर्व तट रेलवे की स्थिति को और मजबूत करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि और लॉजिस्टिक दक्षता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### 250 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने एक बार फिर माल लदान में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 250 मिलियन टन (एमटी) मूल माल ढुलाई हासिल करने वाला भारत का पहला रेलवे जोन बन गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि तय समय से पहले यानी 21 मार्च 2024 तक पूरी कर ली गयी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 11 दिन पहले। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पूर्व तट रेलवे ने 250 मीट्रिक टन का आंकड़ा पार किया है। विशेष रूप से, पूर्व तट रेलवे ने लगातार छठी बार 200 मीट्रिक टन माल लदान को पार करने का गौरव हासिल किया है। इसके अलावा, पूर्व तट रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 228.3 मीट्रिक टन माल निःशुल्क अनलोड किया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2.6% अधिक है।

# भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन का विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में हो रहा विकास : रेल मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सांसद मानस रंजन मंगराज द्वारा भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के संबंध में पूछे गये सवाल पर रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विकसित किया जायेगा। 308 करोड़ की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया है। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य बहुत अच्छी गति से निष्पादन के लिए लिया गया है। मुख्य साइड स्टेशन भवन जी+4 मंजिलों का संरचनात्मक कार्य पूरा हो गया है एयर कॉनकोर्स के नींव, कॉलम निर्माण और गर्डर लॉन्चिंग का कार्य पूरा हो गया है। एयर कॉनकोर्स के छत का काम शुरू हो गया है दूसरे प्रवेश साइड स्टेशन भवन जी+2 मंजिलों का संरचनात्मक कार्य पूरा हो गया है ऊंचे पहुंच मार्ग और फुट ओवर ब्रिज के विस्तार का कार्य शुरू किया गया है। यांत्रिक, विद्युत, प्लंबिंग और अग्निशमन (एमईपीएफ) से संबंधित कार्य शुरू किये गये हैं। प्लेटफॉर्म नवीनीकरण और सीवेज उपचार संयंत्र का कार्य शुरू किया गया है। स्टेशन विकास कार्य में ऊंचा पहुंच मार्ग शामिल है, जिसे भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण (बीडीए) भूमि पर अनुमति दी गयी है। स्टेशन के मुख्य साइड पर मौजूदा पार्किंग बीडीए भूमि में है। अमृत भारत स्टेशन योजना दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ लगातार आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना करती है। इस योजना में स्टेशन पहुंच में सुधार जैसे स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उन्हें चरणों में लागू करना शामिल है। यह योजना भवन के सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, बहुविध एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, बैलास्ट रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता, चरण और व्यवहार्यता के अनुसार और दीर्घकालिक रूप से स्टेशन पर शहर केंद्रों का निर्माण भी करती है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. 2488 Date:20.03.2025 I, REHANA PERWEEN, W/o- Shaukat Ansari, date of Birth-10.08.1988, years by faith Islam Resident of Vill-Sadma Kala, Po- Peterwar, PS-Peterwar, Bokaro, JHARKHAND PIN CODE 829121 Aadhar No. 7261 9941 0350, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my actual and correct name is **REHANA PERWEEN** as per my Aadhaar Card vide No.-7261 9941 0350
2. That, in my Bank Account of Bank of India, vide A/c No-587010310000057, Branch-Co-operative Colony, Bokaro in which my name has been mentioned as **REHANA PARWEEN**
3. That, both the names **REHANA PERWEEN** & **REHANA PARWEEN** are same and one person ie. myself.
4. That, I am swearing this affidavit to submit the concerned authority for needful purpose.

# किसान मेला और प्रदर्शनी का आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ढेंकानाल ओड़िशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) और कृषि विज्ञान केंद्र ढेंकानाल के सहयोग से काकुडीभाग गांव के सपनेश्वर मंदिर में बलदेवजीयूं डब्ल्यूएफपीसीएल द्वारा एक किसान मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त मेले में 350 से अधिक महिला किसान सह बलादेवजीयू महिला किसान उत्पादित कंपनी के शेयरधारक, बीओडी सदस्य, सफल किसान, कृषि विशेषज्ञ और जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत में कृषि मशीनरी प्रदर्शनी मेले का उद्घाटन किया गया और ओयूएटी के वैज्ञानिकों ने मशीनरी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। बाद में, बलदेवजियू के सीइओ और बीओडी सदस्यों ने लोगों को इनपुट और आउटपुट व्यवसाय के बारे में सूचित किया। इस कार्यक्रम में, मिशन शक्ति के जिला समन्वयक ने महिला किसानों की उत्पादक कंपनियों में मशरूम की खेती को बढ़ावा देने और फैलाने के लिए बलदेवजीयू एफपीसी में एक मशरूम स्पॉन इकाई स्थापित करने के लिए मिशन शक्ति के समर्थन का वादा किया। वाटरशेड के परियोजना निदेशक कल्पबता बेहेरा ने वाटरशेड के उद्देश्य के बारे में परिचय दिया और अगले वित्तीय वर्ष में बलदेवजीयू महिला किसान उत्पादक कंपनी के तहत संचालित गांवों में वाटरशेड कार्यक्रम चलाने के लिए जानकारी प्रदान की। मुख्य जिला कृषि अधिकारी श्री सिंह ने सुधार व्यवस्था में नये कृषि यंत्रों का उपयोग कर उत्पादकता बढ़ाने का सुझाव दिया है। कार्यक्रम में ओयूएटी के प्रोफेसर अजय कुमार दास ने कृषि यंत्रों के इस्तेमाल से किसानों की आय बढ़ाने के सुझाव दिये।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/08, दिनांक 21.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा 'ई' प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे निम्नानुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., खुलने की नियत तारीख, संक्षिप्त विवरण, मात्रा, ईएमडी रकम** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) 33245034ए;** 31.03.2025; एलएचबी एसी कोचों के लिए एसएस ट्रॉफ असेम्बली की आपूर्ति; 1344 सेट; रु. 15,73,590/-. **(2) 33245022ए;** 03.04.2025; एलएचबी नॉन-एसी कोचों में प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम की आपूर्ति एवं फीटिंग; 650 सेट; रु. 16,78,970/-. **(3) 65245066;** 22.04.2025; 50 टन ईओटी क्रेन इत्यादि (बोली पूर्व बैठक पीसीएमएम सभा कक्ष/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डनरीच/कोलकाता-43 में दिनांक 01.04.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे); 01 अदद; रु. 2,63,090/-. **(4) 65245039ए;** 10.04.2025; 50टी ट्रैवर्सर की आपूर्ति, स्थापना, जांच, चालू करना तथा प्रमाणन; 01 अदद; रु. 2,36,480/-। **(5) 65245049ए;** 08.04.2025; क्वायल स्प्रिंग स्क्रैगिंग तथा लोड डिफ्लेक्शन टेस्टिंग मशीन - 25 टन; 02 अदद; रु. 4,77,050/-. **(6) 65235025बी;** 08.04.2025; 20 टन फुल स्लू टाइप (रफ टेरेन) डीजल हाइड्रोलिक रोड मोबाइल क्रेन; 01 अदद; रु. 3,60,000/-. **(7) एचबी247531ए;** 10.04.2025; ऑटोमेटिक सीलिंग माउंटेड मोड्युलर अग्नि शामक प्रत्येक 5 किग्रा क्षमता; 75 अदद; रु. 1,56,670/-. **(8) 60255093;** 07.04.2025; ब्रॉड गेज (1673 मिमी) इत्यादि के लिए प्रीस्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर (प्री-टेंशन्ड टाइप) का निर्माण एवं आपूर्ति; 940 सेट; रु. 50,00,000/-. **(9) 30253111;** 08.04.2025; सीबीसी के लिए स्फेरोलॉस्टिक साइलेंट ब्लॉक (निर्माता/ब्रांड : एस्कर्ट्स); 321 अदद; रु. 1,47,720/-. **(10) 31243452;** 09.04.2025; एफटीआईएल निर्मित एयर ड्रायर का 20 मद सम्मिलित ओ/एच किट; 108 सेट; रु. 1,44,210/-. **(11) 31245004ए;** 17.04.2025; एरोसोल आधारित फायर डिटेक्शन की आपूर्ति एवं स्थापना; 133 सेट; रु. 1,35,660/-। **(12) 33253333;** 17.04.2025; 2 मदें सम्मिलित कंट्रोल आर्म असेम्बली बायीं; 3500 सेट; रु. 8,71,430/-. **(13) 33253375;** 17.04.2025; 2 (दो) मदें सम्मिलित कंट्रोल आर्म असेम्बली दाहिनी; 4000 सेट; रु. 9,98,280/-। इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए तथा इसके उपरांत प्रकाशित किसी भी संशोधन हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1259)**

# क्लाइमेट चेंज का खतरा...

विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नयी बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं।

**बढ़ती गर्मी :** आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नयी बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरुआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है।

**मारक रूप :** गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है।

**क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।**

**कमाई पर असर :** क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है।

**अब भी वक्त है :** चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखायी है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किये जायें तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।


अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नयी पटरियां बिछायी गयीं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़ कर 54000 हो गया।**

# विकसित रेल, विकसित भारत : 'विश्व स्तरीय' से 'श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ' तक



**एम जमशेद**



भारत की विकास कहानी की जीवन रेखा, भारतीय रेल दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक है, कैसे अवसंरचना और परिवहन-संपर्क सुविधा के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश, राष्ट्रीय विकास में गुणात्मक लाभांश दे सकता है। पिछले दशक (वर्ष 2014-2024 तक) के दौरान भारतीय रेल ने जो प्रगति की है, वह इसके विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है तथा यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। तो, भारत की कहानी को कौन-सी चीज अलग करती है और इसे विकास की समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाती है? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीतिगत दृष्टिकोण है, जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कह कर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना, भारत के साथ और भारत के लिए तैयार की गयी है। इसका मतलब इस बात की पहचान करना था कि यह प्रणाली विश्वस्तरीय हो और आम आदमी के लिए अपनी आवश्यक भूमिका में सस्ती बनी रहे। भारत के 22.4 मिलियन लोग अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का दैनिक उपयोग करते हैं। भारतीय रेल को एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए, जो देश के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती हो। इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे की आलोचना धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण की कमी और अवसंरचना की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए की जाती थी। ऐसी आलोचना अभी भी वे लोग करते हैं, जो पर्याप्त ज्ञान के बिना पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं, जैसे नेटवर्क विकास की आलोचना अक्सर वर्ष 1950 के बाद से केवल 68,000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए की जाती है, बिना यह जाने कि क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि पटरी विस्तार से जुड़ी है, जो आज 1,32,000 किमी से अधिक हो गयी है।

**भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है।**

पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की तुलना इस बात को साबित करती है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नयी पटरियां बिछायी गयीं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़ कर 54000 हो गया। उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में भारतीय रेल ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

प्रमुख सुधार रेल बजट को मुख्य बजट में विलय करने से हुए, जिसे भाप युग की मानसिकता वाले कई लोग आज भी बिना किसी स्पष्ट कारण के भूल जाते हैं।

रेलवे वित्तीय अभाव के कारण संसाधनों के सीमित वितरण के कारण भारी मात्रा में लंबित स्वीकृत परियोजनाओं से जूझ रहा था। इसमें पिछले दशक के दौरान 8.25 लाख करोड़ रुपये के जीबीएस का केंद्रित निवेश हुआ, जबकि इससे पहले के दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था। रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन का परिचालन करेगा, घाटी तक जाने वाली पटरियाँ पूरी हो चुकी हैं, कुछ सबसे ऊंचे एवं सबसे लंबे पुल और सबसे लंबी रेल सुरंगें शक्तिशाली पहाड़ों से होकर नेटवर्क को जोड़ती हैं।

भारतीय रेल अपनी निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा के लिए 100% विद्युतीकरण हासिल करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आयेगी। रेलवे नेटवर्क में टकराव रोधी कवच का प्रसार भी मिश्रित यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है। भारतीय रेलगाड़ियां विश्व स्तरीय से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेल ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों को सफलतापूर्वक मिश्रित किया है, जिसका लक्ष्य सुरक्षित, तेज, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियां बनाना है। भारतीय रेल सभी के लिए सुलभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिएवहनीयता को ध्यान में रखा गया है।

अपने अनूठे व्यवसाय मॉडल के साथ रेलवे अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री व्यवसाय खंड के घाटे को वहन करता है और फिर भी लाभदायक बना रहता है। प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियां या तो निजी हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, जबकि भारतीय रेल अपने सभी परिचालन और कामकाज के खर्चों का ध्यान रखता है और अपने पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करता है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से व्युत्पन्न मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य, साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक प्राप्त किए जा रहे हैं। यह 90 के दशक के पुरानी मानसिकता वाले लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, जो भारत में एक कमजोर युग को याद करते हैं। निर्यात गुणवत्ता का लेबल वाली कोई भी चीज प्रीमियम पर बिकती थी और सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था - यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में निम्न गुणवत्ता वाले सामान या सेवाएं प्रदान की जाती थीं। पीढ़ियों को भारतीय रेल जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपनी अपेक्षाएं कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हालांकि, 2014 के बाद सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत को नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतमुर्खी एजेंडे से मुक्त एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क की आवश्यकता है। यह प्रगति, आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाकर और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाकर हासिल की गयी है। हालांकि वंदे भारत ट्रेन और इस तरह के अन्य रेल काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेल की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में किये गये पर्याप्त प्रयास सामने आते हैं। भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200 हॉर्सपावर (एचपी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। भारतीय रेल ने अपनी बीबीआइएन पहल के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी कल्पना की है और आईएमइसी पहल के साथ यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रहा है। इसके पीएसयू रोलिंग स्टॉक, ट्रैक अवसंरचना कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों को परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

अपनी नयी ट्रेनों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, समर्पित माल ढुलाई गलियारों और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेल अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है, जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है, जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को उत्प्रेरित करने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया है।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और ट्रैफिक, रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### हेलमेट का उपयोग सुरक्षित यात्रा और जीवन रक्षा की कुंजी, दंड से बचने के लिए नहीं : राकेश साहू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले में चल रहे हेलमेट चेकिंग अभियानों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा प्रशासन की सख्ती से आम जनता में भय का वातावरण बन गया है, जो उचित नहीं। राकेश साहू ने कहा हेलमेट पहनना वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह केवल पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा हेलमेट का उपयोग जीवन रक्षा के लिए है, दंड से बचने के लिए नही। उन्होंने घोषणा की युवा कांग्रेस जल्द ही एक जागरूकता अभियान शुरू करेगी। अभियान से लोगों को हेलमेट पहनने और अपने वाहन के दस्तावेज सही रखने के लिए प्रेरित करेगी। ताकि सभी अपनी सुरक्षा के प्रति सजग होकर नियमों का पालन कर सके। राकेश साहू ने जिला प्रशासन से छोटे वाहन चालकों पर अधिक सख्ती न करने की अनुरोध किया। ये आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। भारी जुमार्ना लगने से कठिनाई का कारण बनता है।उन्होंने हाल ही में साकची,जुगसलाई,गोलमुरी व अन्य क्षेत्रों में हेलमेट चेकिंग के दौरान एक महिला के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त की। राकेश साहू ने जनता से अपील की वे पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहनें और यातायात नियमों का पालन करें।

### सामाजिक सेवा संघ ने राहरगोड़ा में चलाया नाली सफाई अभियान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सेवा संघ ने बीते कई वर्षों से आम जनता की परेशानी को देखते हुए समाज सेवा के भाव से बरसात से पूर्व नाली सफाई अभियान बीते कई वर्षो से चला रही है। शुक्रवार को संघ के प्रतिनिधियों ने शर्मा टोली में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु नाली सफाई कार्य संपन्न कराया।सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने बताया राहरगोड़ा शर्मा टोली का अंतिम कोना में हर साल दो बार कचरे का जमावड़ा हो जाता है। जिससे नालियों का पानी सड़क पर बहने लगती है। इससे स्थानीय लोगों को गंदगी और दुर्गंध के बीच आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए सामाजिक सेवा संघ ने सदस्यों संग नाली की सफाई और कचरे के निष्पादन का कार्य संपन्न करवाया।संघ के सदस्यों ने आश्वासन दिया भविष्य में भी इसी प्रकार सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाये रखने का प्रयास जारी रहेगा।

### पीडीएस डीलरों के औचक निरीक्षण में अनियमितताएं उजागर



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने क्षेत्र में 10 से 11 सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों के यहां औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पायी गयी। अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने बताया जितेंद्र गोराई की कपड़ा दुकान से सरकारी राशन का वितरण हो रहा था। जबकि राधा रानी महिला समिति की दुकान बंद पायी गयी। इसके अलावा कई डीलरों द्वारा इ-केवाइसी प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी थी। जिससे भविष्य में राशन वितरण में बाधा आ सकती है। इन सभी अनियमितताओं के लिए संबंधित डीलरों को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया।

### ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन ने किसानों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पंजाब सरकार का पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पंजाब की सीमाओं पर बीते 13 महीनों से अपनी मांगों के लिए धरना पर बैठे किसानों को हाल ही में भगवंत मान सरकार के द्वारा बलपूर्वक हटाये जाने का विरोध जमशेदपुर में देखने को मिला।

शुक्रवार शाम साकची गोलचक्कर के पास ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत प्रमुख सतनाम सिंह गंभीर के नेतृत्व में सदस्यों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा देश की सर्वोच्च अदालत ने किसानों के मुद्दों पर सुनवाई करते हुए यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया। लेकिन भगवंत मान सरकार ने अदालत के आदेश की अवहेलना करते हुए कार्रवाई के आदेश दिये। उन्होंने इस बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा सरकारें किसानों के बीच फूट डालकर उन्हें नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने सभी किसान नेताओं से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा मानवाधिकार संगठनों को भी इस मुद्दे पर आगे आना चाहिए। यदि कृषि क्षेत्र पूंजीपतियों के कब्जे में चला गया, तो इस पेशे को बचाना मुश्किल हो जायेगा। सतनाम सिंह गंभीर ने पंजाब सरकार से गिरफ्तार किये गये किसानों को रिहा करने और बिना शर्त उनका जब्त किये गये सामान वापस करने की मांग की। इस अवसर पर मनदीप सिंह, परविंदर सिंह, जसबीर सिंह, सुखविंदर सिंह सब्बी, गुरदीप सिंह काका, सुखदेव सिंह मल्ली, त्रिलोचन सिंह, इंद्रपाल सिंह भाटिया, अमरजीत सिंह, परमजीत सिंह काले, मनमीत लूथरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शंभू लोहार हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर पुलिस ने बीते17 मार्च को गरुड़बासा के प्रकाश नगर में हुए शंभू लोहार हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपी तुषार कर्मकार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया घटना की अनुसंधान के लिए सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी तुषार कर्मकार को खैरबनी फुटबॉल ग्राउंड के पास कैनाल के किनारे से गिरफ्तार कर लिया।

### बिहार दिवस पर भाजपा का स्नेह मिलन समारोह 27 को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुंबकम के विचार को साकार करने हेतु भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा आमगी 27 मार्च को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में बिहार दिवस पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और प्रवासी समाज को जोड़ना है। शुक्रवार को कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में भाजपा की एक बैठक बमार्माइंस देवस्थान सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, शैलेंद्र सिंह, अनिल मोदी, संजीव सिंह, विजय तिवारी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बालमुकुंद सहाय ने कहा यह आयोजन प्रवासी बिहारी समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। इसमें प्रवासी बिहारी समाज के सफल व्यक्तियों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पारंपरिक बिहारी-झारखंडी व्यंजनों का सहभोज होगा। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, कल्याणी शरण सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### झामुमो गम्हरिया प्रखंड कमेटी गठन को लेकर कार्यकर्ताओं ने पेश की दावेदारी




**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी के अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड कमेटी गठन के लिए शहनाई भवन, गम्हरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सम्मेलन में गम्हरिया प्रखंड कमेटी के गठन को लेकर कई कार्यकताओं ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। समर्थकों के साथ पहुंचे कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, सरायकेला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, कृष्ण बास्के समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के समक्ष अपनी दावेदारी रखी। मौके पर प्रखंड कमेटी गठन के लिए कार्यकताओं की व्यापक भागीदारी, दावेदारों के नामों को सूचीबद्ध कर झामुमो केंद्रीय कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया। अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। बैठक में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस दौरान झामुमो संगठन को मजबूत करने व आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड कमेटी गठन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जायंगी। जिससे संगठन को नयी मजबूती मिलेगी।

### बाल संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं आदर्श सेवा संस्थान के द्वारा बिस्टुपुर थाना सभागार में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के सभी थाना प्रभारी सहित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों ने शामिल हुए। कार्यशाला में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान बाल विवाह, बाल तस्करी, पीओसीएसओ अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गयी। मौके पर प्रशिक्षक त्रिभुवन शर्मा एवं विनय कुमार ने बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए कठोर कानूनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाल तस्करी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यशाला मे बाल यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यशाला के समापन पर समाज को बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने और संबंधित कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बाल विवाह रोकने हेतु शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अमृता कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, बाल कल्याण समिति की सदस्य रूबी साहू, किशोर न्याय बोर्ड के सीमा झा,आदर्श सेवा संस्थान की सचिव प्रभा जायसवाल, कार्यकारिणी मंडल सदस्य चंदन कुमारी जायसवाल, लक्खी दास,उषा महातो,एम. अरविंदा,रीना दत्ता,जिले के सभी थाना प्रभारी एवं बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, चाइल्डलाइन सदस्य और एक्सेस टू जस्टिस के समन्वयक सनातन पांडे, सदस्य राकेश कुमार मिश्रा, गुड्डी सिंह एवं युधिष्ठिर पाल, बाल अधिकार कार्यकर्ता, कानून विशेषज्ञ और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** दो दिवसीय श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव का रंगारंग के साथ संपन्न हुआ। दूसरे दिन वाराणसी से आए पंडितों द्वारा गंगा आरती प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। बॉलीवुड कलाकार जॉली मुखर्जी, हेमंत बृजवासी और रजत आनंद ने अपनी प्रस्तुति लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही झारखंड के कलाकारों ने पाइका नृत्य से समा बांध दिया। रजत आनंद ने एक विशेष प्रस्तुति मोर नैना मोरे नैना, आज तिलक सब की गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही सारेगामा फेम हेमंत बृजवासी



जैसे ही मंच पर आये लोगों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। हेमंत ने सबसे पहले भक्ति गीत उसके बाद क्लासिकल गाने गये। इसके अलावे तुम्हें दिल्लगी में भूल जाने की, दिल दे दिया है जान भी देंगे ए सनम तेरे लिए, आज चांदनी लूटेंगे धूम बराबर धूम, सांसों की माला पे लिखूं मैं तेरा नाम गाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। अंतिम दिन सबसे खास आकर्षण बॉलीवुड सिंगर जॉली मुखर्जी रहे।

जिन्होंने आंखों में आंखों का दिल खो जाता है, मोनिका, हो छोरा गंगा किनारे वाला, गोरिया रे गोरिया रे मेरा नींद चुरा के लेजा जैसे गाने गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समापन पर डीसी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय महोत्सव आप सभी के सहयोग से सफल संपन्न हो रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी कलाकारों को विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय द्वारा मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रूस में जान गंवानेवाले रवि चौधरी के परिजन को मुआवजा देने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र दौरान गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मेराल प्रखंड के औरैईया गांव निवासी रवि चौधरी के परिजनों को मुआवजा दिलाने और प्लेसमेंट एजेंसी पर कार्रवाई करने के साथ-साथ गढ़वा विधान सभा अंतर्गत मेराल और गढ़वा प्रखंड के विभिन्न सड़कों के निर्माण की मांग करते हुए इसे जनहित में अति महत्वपूर्ण बताया। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने झारखंड सरकार से रवि चौधरी के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि मेराल निवासी रवि चौधरी नौकरी की तलाश में



प्लेसमेंट एजेंसी के झांसे में आकर रसिया चले गये थे, जहां उनकी मौत हो गयी।

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक के गांव लाया गया है। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। तिवारी ने झारखंड सरकार से मृतक के परिजन को मुआवजा के साथ-साथ प्लेसमेंट एजेंसी पर कार्रवाई करने की मांग की। सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मेराल पश्चिमी सुनील प्रसाद के घर से विश्वनाथ ठाकुर के घर तक, मेराल एनएच 75 से स्टेशन रोड तक, ग्राम रेजो वीर कुंवर से बाना सिवना तक, ग्राम ओखरगाड़ा पूर्वी में परसही से जोगनी तक, तीसरटेटूका से चिनिया मुख्य पथ तक, मेराल मनोज महतो के घर से अकलवानी सरस्वतीया नदी तक, ग्राम लखेया उतरवारा टोला डंडई पीच रोड से नंदकिशोर यादव के घर तक, ग्राम लखेया में अजय यादव के घर से शंकर घाट यूरिया नदी तक, ग्राम लखेया में घूरबीगन ठाकुर के घर होते हुए कापरवाधी तक, ग्राम उरसुगी में ब्रह्मदेव उरांव के घर से दुर्गा मंडप होते हुए पंचायत भवन तक एवं ग्राम लखना बजारी पर से डुमरिया डीह तिराहा होते हुए मसूरिया नहर के पुल तक सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा कि उक्त सड़कों के निर्माण हो जाने से हजारों हजार लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

# पॉवर प्लांट अब नहीं लगेगा, विधायक अनंत प्रताप देव इस्तीफा दे दें : लक्ष्मण

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर टाउनशिप में लगने वाला पॉवर प्लांट अब नही लगेगा, यह तो तय हो गया है। उक्त बातें स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कही। उन्होंने कहा कि पॉवर प्लांट तथा बंशीधर कॉरिडोर के नाम पर ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने वोट देकर अनंत प्रताप देव को चुनाव जिताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोसाईबाग मैदान में घोषणा किया था कि झामुमो उम्मीदवार अनंत प्रताप देव को जीताकर भेजिये, झामुमो की सरकार बनते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट का



निर्माण कार्य शुरू करा दूंगा, लेकिन बंशीधर महोत्सव के दौरान मंच से ही विधायक अनंत प्रताप ने मुख्यमंत्री से मांग की थी जिसे नकार दिया गया।

अब भवनाथपुर में पॉवर प्लांट नहीं लगेगा। ऐसे में नैतिकता के आधार पर विधायक अनंत प्रताप देव को इस्तीफा दे देना चाहिये। क्योकि चुनाव के समय जनता से किये गये वायदे फेल हो चुके है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही भी कई बार मामले को सदन में उठा चुके है। इसका जबाब न तो तब मिल पाया था, न तो आज मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जब भवनाथपुर में क्रसर प्लांट कट रहा था तब भी विधायक ने कहा था कि वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे, लेकिन पूरा प्लांट कट कर चला गया और वे मुह देखते रह गये। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, शैलेश चौबे,विभूति भूषण चौबे,ओम प्रकाश गुप्ता, रिंकू देव, विवेकानंद पांडेय, निक्कू तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड हाइकोर्ट पहुंचे बीडीसी पति योगेंद्र साव

# गोली चलाने समेत भ्रष्टाचार मामला की जांच सीबीआइ से करायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बरवाडीह पंचायत के आरटीआइ कार्यकर्त्ता योगेंद्र साव ने अपने ऊपर हुए गोलीकांड और बरवाडीह पंचायत में हुए विभिन्न योजनाओ की जाच सीबीआइ से कराने के लिए हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार से मुलाकात की है। उन्होंने 2016 से 2025 तक मनरेगा सहित बरवाडीह पंचायत समेत गढ़वा जिले में हुए भ्रष्टाचार के कागजात अधिवक्ता राजीव कुमार को उपलब्ध कराये हैं। योगेंद्र ने अधिवक्ता को अपने ऊपर हुए हमले की जांच सीबीआइ से कराने के लिए ठोस कारण और प्रमाण उपलब्ध कराई है। योगेंद्र ने



आशंका जाहिर की है कि पूर्व बिस सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता नितेश सिंह को बचाने के लिए गढ़वा पुलिस मुख्य षड्यंत्रकारी तक नहीं पहुंच पा रही है। योगेंद्र साव के अनुसार घटना का मुख्य षड्यंत्रकारी नितेश सिंह ही है। उल्लेखनीय है कि अपने ऊपर संभावित खतरे की शिकायत 2020 में ही योगेंद्र ने चिनिया थाने को की थी। जिसमे उन्होंने साफ शब्दों में नितेश सिंह पर आरोप लगाते हुए लिखा था कि नितेश से उनको जान का खतरा है। योगेंद्र ने हाइकोर्ट को कई भ्रस्टाचार से जुड़े मामले के कागजात उपलब्ध कराये हैं। साथ ही नितेश सिंह नीतू सिंह, पम्मी देवी और उनके परिवार के अन्य सादस्यों, मनदीप यादव, बबलू सिंह के सम्पति की जांच सीबीआइ से कराने के लिए क्रिमिनल रिट फाइल की जा रही है। अधिवक्ता राजीव कुमार ने कहा की सीबीआइ जांच में मुख्य षड्यंत्रकारी तक जरूर पहुंचेगी सीबीआइ।

## ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर को दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव चन्द्र बहादुर सिंह, गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, के साथ ही कई खेल संघ के पदाधिकारी, कल्याणपुर स्थित आवासीय कार्यालय में पूर्व खेल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मुलाकात कर गढ़वा जिला मुख्यालय में मल्टीपरपस इंडोर स्टेडियम का राजकीय वंशीधर महोत्सव से मुख्यमंत्री के द्वारा शिलान्यास कराये जाने पर बधाई दी। मौके पर सभी ने कहा कि मिथिलेश कुमार ठाकुर जी ने खेल मंत्री रहते हुए अल्प समय में गढ़वा के लिए इतनी बड़ी उपलब्धि लेकर आये, हमें लगा था कि उनके चुनाव हारने के बाद यह मल्टीपरपज स्टेडियम का निर्माण में बाधा उत्पन्न होगा, जिससे खिलाड़ियों में निराशा छा गयी थी, परंतु दो दिन पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री शिलान्यास कर कर मिथिलेश ठाकुर ने साबित कर दिया है कि कुछ करने की तमन्ना मन में हो तो कुछ भी सम्भव हैं।

## जमीन विवाद में बाउंड्रीवॉल गिराने के मामले में पुलिस ने जेसीबी को किया जब्त



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने क्षेत्र के रेजो गांव से जमीन विवाद में बाउंड्री वॉल गिराने के मामले में एक जेसीबी मशीन को जब्त कर थाना लाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेजो गांव निवासी सुरेश यादव द्वारा राजेंद्र यादव से जमीन विवाद होने के बाद अपने जेसीबी मशीन से चारदिवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में राजेंद्र यादव द्वारा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी। उक्त मामले में जांच पड़ताल के बाद सुरेश यादव के फरार होने के बाद कार्रवाई करते हुए बाउंड्री के क्षतिग्रस्त करने में प्रयुक्त सुरेश यादव के जेसीबी मशीन को जब्त कर थाना लाया गया है।

## मारपीट और रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट करने और रंगदारी मांगने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार करकोमा गांव निवासी भरदुल चौधरी थाना कांड संख्या 220/ 24 का आरोपी था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व मेराल निवासी रामप्रवेश गुप्ता के साथ उक्त आरोपी सहित अन्य लोगों द्वारा मारपीट एवं रंगदारी मांगने के मामले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। अन्य आरोपी कोर्ट से बेल पर हैं, भारदुल मामले में फरार चल रहा था।

# युग परिवर्तन के लिए सभी को पुरुषार्थ करना होगा : प्रसेन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** यह समय विशेष है, इसलिये कि यह युग संधि की बेला है। युग का परिवर्तन सही दिशा में हो, जिससे पूरे विश्व में शांति-सद्भाव और सुख-समृद्धि का वातावरण बने, इसके लिये पूरी दुनिया के लोगों को पुरूषार्थ करना होगा। इस परिस्थिति में लोगों में युग निर्माण का पुरूषार्थ जगाने के लिये अखिल विश्व गायत्री परिवार पूरी जिम्मेवारी के साथ भूमिका का निर्वहन कर रहा है। यह बात शांतिकुंज हरिद्वार से आये गायत्री परिवार के झारखंड प्रांत सह प्रभारी प्रसेन सिंह ने कही. वे स्थानीय बीएकेडी पब्लिक स्कूल के पुस्तकालय भवन में गायत्री परिवार की एक जिलास्तरीय गोष्ठी में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि इस भूमिका का निर्वहन करने के लिये गायत्री परिजनों को स्थूल और सूक्ष्म दोनों तरह से प्रयास करने होंगे। अपने गृहस्थ जीवन के दायित्वों से हर हाल में समय निकालना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ सभी गायत्री परिजनों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को देव संस्कृति से जोड़ना होगा, वहीं



दूसरी ओर उनका यह प्रयास सफल हो, इसके लिये कठिन साधना भी करनी होगी। शांतिकुंज प्रतिनिधि ने कहा कि पूरी दुनिया में आज के समय में करीब 25 करोड़ लोग गायत्री परिवार से जुड़े हुये हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य वर्ष 2026 तक पूरा कर लेना है। इसलिये कि वर्ष 2026 में युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की जलाई गयी अखंड ज्योति का 100 साल पूरा होने जा रहा है। साथ ही माता भगवती की जन्मशताब्दी भी है। तबतक पूरी दुनिया में लोगों को युग परिवर्तन का वातावरण अनुभव होने लगेगा. गोष्ठी में शांतिकुंज प्रतिनिधि लखनलाल प्रजापति ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये उनके संकल्पों को सभी को याद दिलाया। टोली में आये जय नारायण वर्मा ने भी विषय पर प्रकाश डालते हुये सभी से संकल्प पत्र भरवाया. इसके पूर्व गोष्ठी की शुरूआत अखंड दीप जलाकर, सत्संकल्प का पाठ कर एवं युग गायन से की गयी। गोष्ठी का संचालन जिला समन्वयक विनोद पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी ने किया। इस अवसर पर अनिरूद्ध प्रसाद सोनी, सहायक प्रबंध ट्रस्टी आलोक रंजन दूबे, संतन मिश्रा, कृष्णा प्रसाद मेहता. अखिलेश कुशवाहा, नागेंद्र सिंह, अच्युतानंद तिवारी, जिला युवा समन्वयक वीरेंद्र सोनी, अजीत चौबे, ललसू राम, डॉ नरेश प्रसाद, विजय सोनी, बजेंद्र चौधरी, उपेंद्र गुप्ता, महेंद्र राम, राम रेखा प्रजापति, ममता तिवारी, सुनंदा दूबे, ममता चौबे, कांति दूबे, संगीता देवी, सरिता तिवारी सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# बाजार समिति ने इस बार रामनवमी पूजा को बड़े धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** राम जानकी अखाड़ा बाजार समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें आगामी रामनवमी पूजा के आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्य और स्थानीय धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में इस बैठक का आयोजन हुआ, जहां आगामी पर्व के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। समिति ने तय किया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा को विशेष धूमधाम से मनाया जायेगा। पूजा स्थल को सजाने, धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी, भव्य झांकियों का आयोजन और समाज के प्रत्येक वर्ग को इस पर्व में शामिल करने के लिए विशेष योजना बनायी जायेगी। बैठक में उपस्थित समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि रामनवमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे हम सबको मिलकर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाना चाहिए। इस बार हम हर पहलू पर विशेष ध्यान देंगे, ताकि यह आयोजन हमारे क्षेत्र के इतिहास में यादगार बन सके। इसके अलावा, भव्य शोभायात्रा, भजन कीर्तन, रामायण पाठ और



अर्चना कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गयी। इस आयोजन के तहत मंदिर परिसर में विशेष रूप से सुंदर झांकियां सजायी जायेंगी, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। समिति ने यह भी तय किया कि इस वर्ष रामनवमी के मौके पर स्थानीय समाज के बच्चों और युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, ताकि उन्हें इस धार्मिक पर्व के महत्व और संस्कृति से परिचित कराया जा सके। इस बैठक में शामिल हुए सभी समिति के सदस्यों ने एकजुटता के साथ इन योजनाओं को अमल में लाने का संकल्प लिया और कहा कि इस बार रामनवमी पूजा का आयोजन विशेष होगा, जो सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ जायेगा। समिति ने इस आयोजन को सफलता बनाने के लिए सभी स्थानीय निवासियों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है, ताकि यह धार्मिक पर्व सामूहिक रूप से और धूमधाम से मनाया जा सके। रामनवमी पूजा की तैयारी में जुटी समिति का लक्ष्य इस वर्ष के आयोजन को पहले से कहीं अधिक भव्य और व्यापक बनाना है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक सौहार्द की भावना को भी बल मिले। बैठक में कार्यकारी सदस्य विवेक सोनी, कार्यक्रम प्रभारी धीरज कमलापुरी, खुशी जैस्वाल, उपाध्यक्ष शिवनारायण कमलापुरी, नितेश कमलापुरी, आर्यन जायसवाल, सचिव टीकू कमलापुरी दीपक माली, कोषाध्यक्ष उज्जवल कुमार, संगठन मंत्री धीरेंद्र चंद्रवंशी, प्रिंस जायसवाल, राहुल जायसवाल, मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता, पूजा प्रभारी दया निधि सोनी, स्वच्छता प्रभारी पिंटू माली, संरक्षक मारुति नंदन सोनी, रिंकू तिवारी।

## बिरसा हरित योजना के तहत लगाये गये पौधों को खा गये मवेशी, कार्रवाई की मांग



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सिंघीताली निवासी श्यामसुंदर मेहता ने बिरसा हरित योजना के तहत अपने खेत में लगाये गये वृक्ष को मवेशियों द्वारा चराने को लेकर स्थानीय थाना में लिखित आवेदन कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने आवेदन में जिक्र किया है, कि सरकार की अति महत्वाकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत मेरे द्वारा फलदार वृक्ष का अपने खेत में रोपण किया गया है। जहां पंडरिया पंचायत के बेलपहाडी निवासी रहीस मियां, खुशदील मियां और नयमुन बीबी ने अपने मवेशी को जानबूझ कर मेरे खेत में छोड़कर खेत में लगा हुआ फलदार और बेशकीमती पौधों को चरवा दिया गया, साथ मवेशियों को खेत में लगे अन्य सब्जी के पौधों को भी तहस नहस कर दिया गया। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग किया है।

## भवनाथपुर में 1320 मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित करने की योजना पर लगी रोक

# सदन में सरकार ने इसे स्थापित करने में असमर्थता जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** विधायक अनंत प्रताप देव ने चुनाव के दौरान क्षेत्र में 1320 मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित करने का वादा किया था, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब विधानसभा सदन में सरकार ने इस पर असमर्थता जता दी है, जिससे युवाओं का सपना फिर से टूट गया और पलायन उनकी मजबूरी बन गयी है। इस क्षेत्र में लंबे समय से औद्योगिक विकास की कमी बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। विधायक अनंत प्रताप देव ने चुनाव प्रचार के



दौरान यह वादा किया था कि पावर प्लांट स्थापित कर युवाओं को यहीं पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे न सिर्फ आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि भवनाथपुर का औद्योगिक विकास भी होगा। लेकिन अब सरकार के इनकार के बाद युवाओं में गहरी नाराजगी है। भवनाथपुर के लोगों का कहना है कि पहले भी क्षेत्र में बड़े उद्योगों को लेकर कई वादे किये गये, लेकिन उनमें से अधिकतर अधूरे ही रह गये। पांच दशक पहले बने एशिया के दूसरे सबसे बड़े कर्सर प्लांट को बंद कर दिया गया और अब उसकी कटाई की जा रही है, जिससे लोगों की उम्मीदें और भी टूट गयी हैं। स्थानीय युवा सरकार से सवाल कर रहे हैं, कि आखिर कब तक उन्हें सिर्फ वादों के सहारे रखा जायेगा? जब चुनाव आते हैं, तब बड़े-बड़े वादे किये जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उन्हें भुला दिया जाता है। पावर प्लांट की असमर्थता जताने के बाद अब इस क्षेत्र के लोगों के पास रोजगार के कोई ठोस विकल्प नहीं बचे हैं। अगर जल्द ही सरकार इस मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तो यहां के युवाओं को सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती और पावर प्लांट स्थापित करने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाती, तो आने वाले चुनावों में जनता इसका कड़ा जवाब देगी। बताते चले कि भवनाथपुर में सेल के धनीमंडरा की जमीन पर 19 फरवरी 2014 को 8500 करोड़ रुपये की लागत से 1320 मेगावाट के पावर प्लांट की चहारदीवारी का शिलान्यास सीआइएसएफ फायरिंग रेंज में तत्कालीन (वर्तमान भी) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और तत्कालीन उर्जा मंत्री स्व. राजेन्द्र सिंह ने किया था।

# एमके इंटरनेशनल स्कूल में नये सत्र के शुभारंभ पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** एमके इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र 2025-26 का स्वागत समारोह शुरूआत किया गया। एमके इंटरनेशनल स्कूल में 21 मार्च 2025 से नये सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। इसके बाद विद्यालय के अध्यक्ष डॉ अभिमंयु कुमार सिंह ने नए सत्र के आरंभ में एक प्रेरक भाषण प्रस्तुत किये। इसके बाद कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और



कक्षा 7 के छात्राओं ने स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज ने अपने भाषण में यह कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखना चाहिए क्योंकि मोबाइल बच्चों को पूरी तरह से भ्रष्ट कर रहा है। इसके बाद नये सत्र में जो भी बच्चे नये आये थे उन्हें स्कूल के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह तथा प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज के द्वारा टीका, आरती तथा मिठाई और चॉकलेट भी दिया गया। इसके बाद उन बच्चों के द्वारा कुछ खेल भी कराया गया। इसके बाद सभी शिक्षक गण अपने बच्चों को विद्यालय के एक-एक चीजों से अवगत कराया अर्थात बच्चों को विद्यालय में क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, कैसे रहना है, क्या-क्या सुविधाएं हैं आदि इन सभी चीजों की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृता सिंह ने किया।

## जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्रों का त्वरित निष्पादन करें अंचलाधिकारी: उप विकास आयुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला इ-गवर्नेंस सोसायटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में झारसेवा, मोबाइल टावर, भारत नेट, झारनेट आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि झारसेवा पोर्टल से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र से जुड़े सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारियों को अपने लॉगिन से आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दें। इसके अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पंचायत भवनों में लगे भारत नेट कनेक्शन को सक्रिय एवं सुचारु बनाये रखने के लिए उनका समय पर रिचार्ज सुनिश्चित करें। विवाह प्रमाण पत्र संबंधी आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव अपने स्तर से लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें।

## मुखिया ने विवाह मंडप भवन निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड में विवाह मंडप भवन निर्माण शीघ्र शुरू कराने को लेकर अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। खलारी मुखियां समन्वय समिति की ओर से खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट को एक ज्ञापन सौंपा है। खलारी मुखियां समन्वय समिति का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को समिति के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से सीओ से खलारी पंचायत ग्रामसभा से पारित स्थल का खाता, प्लॉट, रकबा आदि का जल्द सत्यापन कर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की गयी है, ताकि जनसरोकार से जुड़े विवाह मंडप भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू की जा सके। ज्ञापन देने वालों में मुखिया पुतुल देवी, तेजी किस्पोट्टा, पुष्पा खलखो, दीपमाला कुमारी, ललिता देवी,सुनीता देवी, पारसनाथ उरांव, सेवा उरांव, मलका मुंडा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## दावत-ए-इफ्तार में अमन-चैन की दुआ मांगी




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के सिल्दा बस्ती में शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के तीसरे जुम्मे पर दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में बड़े संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। मौके पर पूरे देश के लिए अमन-चैन खुशहाली, तरक्की के लिए दुआ की गयी। मौके सिल्दा अंजुमन के सेक्रेटरी जनाब जुबेर अहमद, शाहिद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, हदीश अंसारी, हसनैन, अंसारी, महबूब अंसारी, जावेद अंसारी, वासिम अनसारी सहित काफी संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने शुक्रवार की रात में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस संबंध में थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि थाना के पदाधिकारी और झारखंड जगुवार के जवानों के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा के मद्देनजर थाना क्षेत्र के धुर्वा मोड़ के निकट वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मुख्य मार्ग से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट और बिना कागजात के वाहन चालकों को रोका गया। बिना हेल्मेट मोटर साइकिल चला रहे चालकों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए हेल्मेट का प्रयोग का अपील किया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों में डर बना रहे।

## बीडीओ ने छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। छात्र-दात्राएं जितनी अधिक मेहनत और लगन से पढ़ाई करेंगे, उन्हें उतनी ही सफलता मिलेगी। बीडीओ शुक्रवार को रायसिमला, बनाबिरा और सटाल स्कूल के विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण करने के बाद छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मौके पर 87 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल को वितरण किया गया। बीडीओ ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकर्ट नहीं होता। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें और सफलता प्राप्त कर अपने प्रखंड और जिले का नाम रौशन करें।

## राम जन्मोत्सव में शानदार झांकी और शोभायात्रा निकालेगा यंग स्टार क्लब

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** यंग स्टार क्लब, मोहनाटोली, खूंटी के सदस्यों की शुक्रवार को हुई बैठक में श्री रामजन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। महोत्सव की तैयारियों को लेकर नयी कार्यसमिति का गठन किया गया। इसमें संरक्षक डॉ एके साहा, कुमार थापा और पंकज साह कों बनाया गया। इनके अलावा अध्यक्ष विवेक गुप्ता (विक्की), उपाध्यक्ष दीपक कुमार और राकेश कुमार, संयोजक साकेत सिंह और राम कुमार साह, सह संयोजक आशीष विराट और, सुधांशु रंजन, महामंत्री पृथ्वी राज, सचिव नीलेश शर्मा, सह सचिव विवेक गुप्ता (पिंटू), कोषाध्यक्ष पवन कुमार और हर्षित लाल और मंत्री मोहित भगत को बनाया गया। जुलूस प्रभारी मनीष शर्मा, राजू कुमार, रोहन कुमार को बनाया गया है। इसके साथ ही 101 सदस्य बनाये गये हैं। क्लब के अध्यक्ष विवेक गुप्ता( विक्की) ने बताया कि क्लब द्वारा इस वर्ष भी भव्य नगर सज्जा की जायेगी और नवमी की शोभायात्रा में शानदार झांकी निकाली जायेगी।

### देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिवीर रघुनाथ महतो की 287वीं जयंती मनायी गयी

# झिमड़ी में विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के निमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी ग्राम में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो स्मृति समिति झिमड़ी की ओर से चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो की 287 वीं जयंती मनायी गयी। झिमड़ी स्थित सोनाडूंगरी में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि जब ब्रिटिश सत्ता पूरे देश में अपने कदम जमा रही थी, तब क्रांतिवीर रघुनाथ महतो ने चुआड़ विद्रोह के माध्यम से उन्हें कड़ी चुनौती दी। गुरिल्ला युद्ध कला में निपुण इस वीर योद्धा ने जंगलमहल क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध सशक्त आंदोलन खड़ा किया। 1774 में क्रांतिवीर के विद्रोहियों ने किंचुग परगना (सरायकेला-खरसावां) के मुख्यालय में पुलिस फोर्स को घेर कर मार गिराया। उनके साहसिक कार्यों से अंग्रेज भयभीत हो गये और अंग्रेजों ने इस क्षेत्र में अपना अधिकार करने का विचार छोड़ दिया। समिति के प्रमुख बासुदेव महतो ने कहा कि 21 मार्च 1738 को हमारे ही नीमडीह प्रखंड के अंतर्गत रघुनाथपुर के समीप घुंटियाडीह ग्राम में जन्मे क्रांतिवीर रघुनाथ महतो विद्रोह के दौरान लड़ते-लड़ते पांच अप्रैल 1778 को सिल्ली के लोटा गांव के 'गढ़तैंतेइर' में अंग्रेजों के गोली से शहीद हुए थे। इस प्रकार उन्होंने देश की आजादी के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहें। ऐसे क्रांतिकारी वीर की जीवनादर्श सभी वर्गों, जातियों और मजहबों आदि से ऊपर होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुणधाम मुतरुआर, पारगामा ग्राम प्रधान बासुदेव महतो, पंचायत समिति पद्मलोचन महतो, गुहिराम महतो, गुणेश चंद्र महतो, दुखु महतो, फाल्गुनी महतो, कृष्णपद महतो, शिवराम महतो, काली पद महतो, कर्मू महतो, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा स्थित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का दूसरा वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुशांति कोंगाड़ी और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंचायत समिति सदसय जयमंगल गुड़िया ने दीप प्रज्ज्वलित कर और स्व बालकृषण कुमार बड़ाईक के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंग्रेजी में स्वागत भाषण देव कुमार सिंह हिंदी में स्वागत भाषण रेशमा कोनगाड़ी सहायक शिक्षिका ने किया। बच्चों ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। तमिल नृत्य चूड़ामले, बच्चों के लुंगी डांस, गांव कर गोरी, छलके गगरिया आदि न्तये संगीत का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। मुख्य अतिथि सुशांति कोनगाड़ी ने कहा कि बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तोरपा भविष्य में एक बड़े स्कूल के रूप में विकसित होगा, जहां बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक, पर्यटन आदि की भी शिक्षा दी जायेगी। विशिष्ट अतिथि जयमंगल गुड़िया ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार की भी शिक्षा देने की आवश्यकता है। इन दो वर्षों में बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने काफी विकास किया है। सुखदेव राम प्रधानाध्यापक राउप्रावि कमड़ा सिरकाटोली ने उपहार स्वरूप सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिये। कार्यक्रम का संचालन सावित्री कुमारी और सत्येंद्र गोप सहायक शिक्षक और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने किया। मौके पर दीपक दयाल साह (निदेशक धरम दयाल इंटर कॉलेज सारिदकेल), डॉ ओमप्रकाश कुमार, अयोध्या नाथ राय, विवेक कुमार, प्रभंजन नाग, श्याम बड़ाईक, रिंकी कुमारी, भानुमती कुमारी सहित काफी संश में गणमानय लोग उपस्थित थे।

## दिवंगत हवलदार की पत्नी को मिली 15 लाख की अनुग्रह राशि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दिवंगत हवलदार जोहन होरो की पत्नी जोलजन होरो को अनुग्रह अनुदान के रूप में 15 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर मृतक की दोनों बेटियां और बेटा भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विधानसभा आम चुनाव 2024 में कार्य के दौरान खूंटी जिला बल के हवलदार जोहन होरो की मृत्यु हो गयी थी। उसकें बाद दिवंगत हवलदार के परिवार के आश्रितों को निर्वाचन आयोग द्वारा 15 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान किया गया है।

## कल्याण गुरुकुल में नामांकन परीक्षा 25 को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रेझा फाउंडेशन और कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चंद्रपुर तोरपा में टाइल्स एंड मार्बल ट्रेड में नामांकन जारी है। इस ट्रेड में 30 छात्रों का नामांकन किया जायेगा। नामांकल के लिए 25 मार्च को प्रवेश परीक्षा गुरुकुल में होगी। कल्याण गुरुकुल के वरीय प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने बताया कि पोफेशनल ट्रनिंग के बाद दुबई की प्रख्यात कंपनी में रोजगार के अवसर मिलेंगे। नामांकन और अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य के मोबाइल नंबर 6204299618 पर संपर्क किया जा सकता है।

## निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करें अधिकारी : उपायुक्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करें। उपायुक्त समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मौके पर उन्होंने राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सक्सेशन म्यूटेशन पार्टीशन म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केस समेत विभिन्न विषयों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। नियमित रूप से ई-रेवेन्यू कोर्ट करने और ऑनलाइन रिपोर्ट अपडेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को नियमित रूप से हल्का निरीक्षण का निर्देश दिया। सप्ताह के हर बुधवार को अंचल कार्यालय में रेवेंयू कैंप का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर भी मुहिम चलाने और की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट के संधारण का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रूपेश कुमारी, सभी अंचल अधिकारी और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल में अदा की गयी रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाको मे शुक्रवार को रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज अदा की गयी। जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र में खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के बावजुद नमाजियो की भीड़ 12 बजे से मस्जिदो मे आना शुरू हो गया। कई लोग बारिश की पानी में भींगकर नमाज पढ़ने जाते देखे गये। नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा और नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान मे रोजा, नमाज के साथ गरीब असहाय की मदद करना काफी जरूरी है। लोग एक महीने के रोजे मे नमाज, तरावीह, कुरान की तिलावत करते है, साथ ही फितरा जकात निकाल कर गरीब असहाय की मदद करते है। उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के गुनाहो का फैसला होता है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा, राय, बेहरा,क ल्याणपुर, न्यू मंगरदाहा, पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर रिमझिम बारिश के बीच रमजान महीने के तीसरे जुम्मे की नमाज अदा की गयी।

## बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। मूसलाधार बारिश और खराब मौसम के बीच कोयलांचल के लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार 20 मार्च की शाम से ही पुरे इलाके मे बादल छाये जाने के साथ ही रिमझिम बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान कई जगह पर ओलावृष्टि होने की भी सूचना है। इस दौरान गुरुवार को रात भर रुक-रुक कर पूरे इलाके में बारिश होती रही। वहीं शुक्रवार की सुबह से ही मूसलाधार बारिश लगातार जारी है। बारिश के साथ कई जगहो पर वज्रपात और तेज गरज होने के कारण आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति घंटो ठप रही। सर्द-गर्म के इस मौसम में वृद्ध लोग एवं बच्चों को मौसमी बीमारियों की चपेट में आने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में परीक्षा समाप्त होने के बाद क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों के बंद होने से बच्चों को थोड़ी राहत मिली है। कोयला खदानों में इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। खदान क्षेत्र में भारी मशीनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। वही ट्रांसपोटिंग कार्यों की गति भी धीमी हो गयी है।

# मजदूर यूनियन का दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन डकरा में शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एचएमएस से संबद्ध कोलफील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय अधिवेशन एनके एरिया के डकरा वीआइपी सभागार में शुरू हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि एचएमएस के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू और झारखंड के पूर्व मंत्री सह सीएमयू केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह एवं सीएमयू महामंत्री राघवन रघुनंदन शामिल हुए। इन दोनों श्रमिक नेताओं को कोयला मजदूरों और यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्र सरकार की नीति एक जैसी हो गयी है। पूंजीपत्तियों को फायदा पहुंचने के लिए केंद्र सरकार ने चार श्रम संहिताओं को लाया है। इसलिए संगठित असंगठित क्षेत्रों की विभिन्न यूनियनों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत तभी कोयला उद्योग और श्रमिकों का अस्तित्व बच पायेगा। केंद्र सरकार की मंशा कोल इंडिया का निजीकरण कर एमडीओ मोड में ले जाने की है।

इसके लिए सभी श्रमिक संगठनों को एक मंच पर आकर संघर्ष करने जरूरत है। अधिवेशन में यूनियन के महामंत्री राघव रघुनंदन, रणजीत पांडे, खुशीलाल महतो ने भी अपने विचार रखे। पूरे कार्यक्रम का संचालन विनय सिंह मानकी एवं इस्लाम अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश सिंह, ध्वजाराम धोबी, सूरज प्रधान मुंडा, सुदेश पासवान, चरका मुंडा, संजय गिरी, विनोद सतनामी, अनूप कुमार रजक, वीरमल कुमार, उमेश सिंह, सोनू राम योगदान दे रहे हैं। अधिवेशन में सीसीएल क्षेत्र के विभिन्न एरिया से आये सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कथावाचक ने भगवान के भक्तों के अद्भुत लीला का किया वर्णन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** महर्षि वाल्मीकि दिव्यांग सेवाश्रम द्वारा आयोजित श्री श्री मद्भागवत कथा ज्ञान सह रास लीला सप्त दिवसीय आयोजन का चौथा दिन कथा वाचक नंदगांव वृंदावन से आऐ पंडित नंदकिशोर शास्त्री ने भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि आज प्रसंग भगवान के भक्तों की अदभुत लीला राजा भरत जी का पुनर्जन्म हिरन के रूप में अवतरित हुए। पुन: जड़ भरत बनके भगवान को प्राप्त किया। समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए भक्तों ने जाना कि समुद्र मंथन में चौदह रत्न प्राप्त हुए, जिसमें हलाहाल विष को महादेव ने ग्रहण किया कामधेनु गाय, ऐरावत हाथी, अपसरा रंभा और रत्न से भरा कलश निकाला वहीं अमृत को राक्षस चुरा ले गये।

## कलश यात्रा के साथ नवकुंज संकीर्तन का शुभारंभ



**सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** सोनाहातु प्रखंड के तेतला गांव में नवकुंज समिति के तत्वावधान में शुक्रवार से श्री श्री राधा गोविंद अखंड हरिनाम संकीर्तन सह नवकुंज संकीर्तन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम गांव से सैकड़ों महिलाएं और कुआंरी कंयाओं द्वारा राढू नदी से भव्य गाजे बाजे के साथ कलश में जल लाकर कीर्तन मंदिर और तमाम नवकुंज में कलश स्थापित किया गया, जिसके उपरांत पारंपरिक रीति रिवाज के साथ सभी नौ कुंज में हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। संकीर्तन में झारखंड, बंगाल और ओड़िशा की कुल 84 संकीर्तन संप्रदाय लगातार नौ दिनों तक नवकुंज मे संकीर्तन की प्रस्तुति करेंगे। यह आयोजन 30 मार्च तक चलेगा। नवकुंज के आयोजन को लेकर कीर्तन मंदिर समेत पूरे क्षेत्र को भव्य तरीके से सजाया गया है।

## मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर सिल्ली और पतराहातू भाजपा की बैठक संपन्न

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मंडल भाजपा की बैठक शुक्रवार भाजपा सिल्ली कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें नये मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। ज्ञात हो कि भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा प्रदेश संगठन चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष के लिए चार नाम मांग गये थे। बैठक में चुनाव प्रभारी प्रीतम साहू ने कहा कि कुल 83 में 43 बूथों में सक्रिय सदस्य और बूथ कमेटी बनाना आवश्यक है। इसके बाद मंडल अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। सिल्ली मंडल में 46 बूथों में 72 सक्रिय सदस्य बने हैं। इधर पतराहातू मंडल में भी मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर पतराहातू वाचनालय भवन में रखी गयी, जिसमें सर्वसंमति से मंडल अध्यक्ष भागीरथ महतो, वीणा देवी, विंदेश्वरी देवी एवं महेश्वर महतो का नाम चयन किया गया। बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी अजय तिवारी ने सक्रिय सदस्य एवं बूथ कमेटी निर्माण की समीक्षा की। कुल 28 बूथों में 29 सक्रिय सदस्य बने हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश द्वारा जल्द ही मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जायेगी। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, साधुचरण महतो, विश्वनाथ महतो, राजेंद्र साईं, सुधीर साहू, अमिता देवी,रेखा देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बारिश से किसानों की फसलों को हुआ नुकसान

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में मौसम करवट बदलते ही शुक्रवार को दिन में ही घनघोर अंधेरा छा गया और तेज हवा के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि हुई। कहीं पेड़ गिरे तो कहीं सेड और कहीं ओले भी गिरे। आंधी तुफान के साथ झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त रहा। वहीं आंधी तुफान से मिलनचौक में राजकुमार महतो का टीना सेड गीर कर नष्ट हो गया। सेड में रखे कई लोगों का बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। आंधी तुफान से जगह जगह दर्जनों पेड़ गिर गया। ओलावृष्टि से खेतों में लगे रवि फसलें भी क्षतिग्रस्त हो गया। किसानों का कड़ी मेहनत से उगाये गये फसलों को ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ।

## फुटबॉल लीग मैच की शुरुआत कल से


**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित लीग मैच 23 मार्च को जीएल चर्च आमलेशा मैदान मे शुरुआत की जायेगी। तमाड़ स्थित राजू (मामा) होटल मे एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा एक प्रेस वार्ता मे यह जानकारी दी गयी। लगभग महीनो भर चलने वाले इस लीग मैच मे पांच परगना खेत्र के कुल पंद्रह नामी गिरामी फुटबॉल टीम भाग लिये है। वहीं लीग का उद्घाटन मैच चिर प्रतिद्वंदी जेएफसी तमाड़ बनाम लिटिल स्टार कितादेर के बीच शाम तीन बजे खेला जायेगा।

## पंचायत में 15वें वित्त का फंड नहीं मिलने से विकास कार्य बाधित : पुतुल देवी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** 15वें वित्त का फंड पंचायत में नहीं मिलने से खलारी प्रखंड मुखिया संघ ने नाराजगी जतायी है। खलारी प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष पुतुल देवी ने कहा कि अभी तक 15वे वित्त से कोई पंचायत के लिए फंड नहीं मिल रहा है, जिससे पंचायत के विकास में काफी परेशानी हो रही है। सभी मुखियां भी जनप्रतिनिधि है और जनता ने विकास के लिए उन्हें पंचायत की जनता ने सभी मुखिया को इस उम्मीद से वोट दिया था कि जीतकर मुखियां पंचायत के विकास करेंगे, लेकिन विभाग के द्वारा पंचायत के विकास के लिए मुखिया को कोई फंड नहीं मिल रहा है, ऐसे पंचायत का विकास कार्य भी अवरुद्ध हो गया है। पंचायत की जनता मुखियां से विकास कार्य के लिए उम्मीद करती ऐसे में बिना फण्ड के मुखिया पंचायत में कैसे विकास कार्य को गति दे पायेंगे और जनता को क्या जवाब दे पायेंगे। राज्य सरकार के द्वारा पंचायत को जल्द ही फंड नहीं दिया गया तो सभी मुखियां मजबूर होकर अपने पदों से इस्तीफा देंगे। इस मौके पर मुखिया संघ की अध्यक्ष पुतुल देवी, सचिव तेजी किस्पोट्टा, कोषाध्यक्ष पुष्पा खलखो, मुखिया सुनीता देवी,ललिता देवी, पारसनाथ उरांव सहित कई मुखिया मौजूद थे।

## बारूहातू में सात दिवसीय शिविर शुरू




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ का सात दिवसीय शिविर, ग्राम बारूहातू में आरंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन रामकृष्ण मिशन के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रामकृष्ण मिशन के राजीव चैतन्य महाराज ने किया। इस अवसर पर बारूहातू गांव के ग्राम प्रधान ऋषिकेश सिंह मुंडा, उप मुखिया बिमला देवी, पूर्व मुखिया करम सिंह मुंडा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथिगण का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ तारकेश्वर कुमार, डॉ आराधना तिवारी, संगीता जायसवाल, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ लखींद्र मुंडा, डॉ छटुराम और सबरन सिंह मुंडा ने पारंपरिक पुष्पगुच्छ, टोपी, माला आदि के साथ किया।

## सीआइएसएफ कैंप पिपरवार में रक्तदान शिविर आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीआइएसएफ कैंप पिपरवार बचरा में रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा शनिवार 22 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सीआइएसएफ के जवान और पदाधिकारी के अलावा क्षेत्र के लोग भी इसमे रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान महादान टीम खलारी के मुन्नु शर्मा ने बताया कि रक्तदान महादान कार्य है। यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। रक्तदान करने से किसी की भी जान बचाई जा सकती है। इसमें लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की जरूरत है। उन्होने क्षेत्र के लोगों से भी इसमें शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

# जगह-जगह आंधी-बारिश और ओलावृष्टि, फसलों को भारी नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो/इटकी/लापुंग।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे तेज हवा के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रखंड के 17 पंचायत के दर्जनों गांवों में सैंकड़ों किसान वर्षा एवं ओलावृष्टि से बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं, तेज वर्षा और ओलावृष्टि से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े हैं। इससे खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, सरसों एवं मकई की फसलों से बालियां झड़ गईं। ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं से खड़ी फसल नीचे जमीन पर गिर गई है। वहीं खेतों में तैयार मटर, फूलगोभी, बंधागोभी गाजर, मिर्चा, तरबूज, फ्रेंचबीन, टमाटर, लौकी और करेला सहित अन्य सब्जियों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गईं। दूसरी ओर, किसानों ने प्रशासन से नुकसान का तत्काल मुआवजा देने की मांग की है।

**आंधी से कई घरों के छप्पर उड़े, पेड़ और सौर ऊर्जा गिरे**

प्रखंड क्षेत्र में तेज आंधी से कई गरीब लोगों के घर के एस्बेस्टस और खेतों में लगे सौर ऊर्जा के खंभे-पेड़ गिर गए। जबकि कई घरों में पेड़ की डाली गिर गयी। जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे पक्षी भी अनायास काल के गाल में समा गए।



उधर, ओलावृष्टि से हरहंजी गांव निवासी केशव गोप के सवारी गाड़ी का शीशा टूट गया है। जबकि चरिमा गांव में बड़े-बड़े ओले गिरने से खपरैल घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। असरो में सूरज केशरी के खटाल का एस्बेस्टस और घाघरा, नेहालु, जरिया सहित गांव के कई लोगों के घरों का एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त हो गया है। चरिमा में पंकज कुजुर,मासु में बिरसी उराईन व बंदे उरांव घायल हो गए हैं।

## खेत हुए पानी-पानी फसल चौपट...

प्रखंड क्षेत्र में सुबह में हुई वर्षा और ओला वृष्टि और फिर दोपहर में हुई वर्षा ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। इससे खेतों में लबालब पानी भर गया है। जिससे गेहूं, सरसों, मक्का और सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है। किसान मित्र ब्रजेश महतो और पवन कुमार ने कहा वर्षा और ओलावृष्टि से सब्जी की फसल चौपट हो चुकी है। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को जो नुकसान हुआ है उसके आंसू पोछने वाला भी कोई नहीं है। इधर, मुखिया लक्ष्मी कोया, अनिता बाड़ा, कुंवारी खलखो, वीरेंद्र भगत समाज सेवी सुनील कच्छप और बुधराम बाड़ा ने क्षेत्र भ्रमण कर किसानों को ढांढस बंधाया। साथ ही यथाशीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सीओ प्रताप मिंज के साथ विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने प्रखंड के तुको, खूंटी टोली, केनाभीठा और चरिमा आदि गांवों में हुई क्षति का निरीक्षण करते हुए स्थिति का जायजा लिया।



## नगड़ी में भी ओलावृष्टि, फसलों को नुकसान

**नगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खुटा चेटे कतरी टोली, सिंगपुर कुंबा टोली आदि गांवों में शुक्रवार सुबह 10 बजे के आसपास बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में लगे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रखंड के चेटे, कतरी टोली खुंटा, कुंबा टोली, जोगी टोली और लोटरदाग साहेर चिपरा, सहित दर्जनों गांवों के आसपास में आधे घंटे तक वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे टमाटर, तरबूजा, लौकी, बीन, सेम, मिर्च आदि की फसलों को नुक्सान पहुंचा है। इस संबंध में चेटे के किसान सोरेन मिंज, मुकेश महतो और रामा महतो ने बताया कि उनकी सेम और टमाटर की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई। कुंबा टोली के किसान बिनोद मिंज, शुकरा लकड़ा ने बताया कि उनके और अन्य कई किसानों के फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।**

## बारिश-तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त



लापुंग प्रखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और शुक्रवार की शाम 4.30 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ ओवा वृष्टि होने लगी, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। लोगो का एस्बेस्टस, चादरें की छत उड़ गये। पेड़ घर के उतर जा गिरे। सापुकेरा बाजार टॉड में सड़क किनारे स्थित बरगद का पेड़ पूर्व सैनिक दुर्गा मुंडा के पक्के घर की छत पर गिर गया जिसमें गृह स्वामी को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि इसमें किसी के जान माल की क्षति नहीं हुई। लापुंग बिरसा चौक स्थित प्रयाग साहू और पंडित होटल का एस्बेस्टस सीट उड़ गया। बारिश के चलते गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानो को ओले से

## इटकी में ओलावृष्टि

**इटकी में बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि किसानों के अरमानों पर कहर बनकर बरस रही है। अचानक बारिश और भारी ओलाबारी से घर सहित खेतों में लगे फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। ओलावृष्टि से गरगाव के कुछ गांवों सहित चिनारो पूरियो पंचायत के पूरे गांवों में तबाही मची है। सौका, सुगदा, सालों टोली और चिनारो गांव सहित पूरे पंचायतों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों की मानें तो गेहूं लगभग पूरी तरह से तैयार था। अब कुछ दिनों में उसकी खटाई की जाने वाली थी। तभी ओलावृष्टि होने से पककर तैयार फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। सौका निवासी बुद्धू उरांव ने बताया कि घर बनाने और बेटे की शादी में काफी कर्ज हो गया था। उससे उबरने के लिए जमकर खेती की थी। एक क्विंटल हाइब्रिड गेहूं, मटर और टमाटर की खेती की थी। फसल से काफी उम्मीद थी, लेकिन बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि ने सभी फसल लगभग खत्म कर दिया। सालों टोली की विशेष्वर सिंह. सचिता सिंह, रविंद्र सिंह, चरवा उरांव, गोवर्धन उरांव, धनी उरांव, झरिया उड़ाव और तेले उरांव आदि किसान हैं, जिनकी फलसें बिन मौसम बरशात और ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गये।**

## युवती ने दुपट्टे से फांसी लगा कर की आत्महत्या

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा पंचायत स्थित नया टोली में एक युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार सुबह की बतायी जा रही है। मृतिका की पहचान प्रतिभा कुमारी (21) के रूप में हुई है, जो आरा निवासी खुशराम बड़ाइक की पुत्री थी। परिजनों के अनुसार सुबह प्रतिभा को आवाज दी गयी, तो उसके कमरे से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर परिवार के लोग उसके कमरे में पहुंचे तो देखा कि वह दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से झूल रही थी। आनन-फानन में उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए महिलौंग स्थित द्वारिका अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने के बाद इलाज के दौरान प्रतिभा ने दम तोड़ दिया। रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गयी है।

## सरहुल आदिवासी समाज की पहचान है : प्रदीप

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतरा गांव में शुक्रवार को जोरदार बारिश के बीच उत्साह और उल्लास के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला-पुरुष पारंपरिक पोशाक पहने बारिश की परवाह ना करते हुए जमकर नृत्य किये। सरहुल जुलूस तेतरा गांव से निकलकर जौनी टोली सरना स्थल के समीप पहुंची। जहां पाहान सुकरा उरांव, पुजार लठरु उरांव और जेना उरांव ने विधिवत पूजा अर्चना किये। इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप खलखो ने कहा कि सरहुल आदिवासी समाज की पहचान और प्रकृति पूजा का पर्व है। उन्होंने इस त्योहार को मिलजुल मनाने और पारंपरिक संस्कृति को संजोने की बात कही। वहीं, समाजसेवी सह सहायक अध्यापक संजीव खलखो ने सरहुल पर्व पर सभी ग्रामीणों के सहयोग और उत्साह की सराहना की। इसमें सेमरटोली, तेतरा और जौनी टोली के ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर शुशील उरांव, कार्तिक उरांव, बबलू उरांव, लक्ष्मन उराव और फलेशवर उरांव आदि मौजूद रहे।

## रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा कर की शिक्षा, सामाजिक उन्नति और एकता की कामना



**रांची (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा के राहे प्रखंड के वनबंधु परिषद की ओर से संचालित एकल अभियान के 27 एकल विद्यालय के आचार्य के साथ संच समिति के सदस्यों ने रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना की। सभी ने मां से राहे प्रखंड के बच्चों की उन्नति के साथ क्षेत्र में शिक्षा, सामाजिक उन्नति, आपसी सद्भाव और एकता की कामना की। इसमें रांची भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, संच प्रमुख रोहित कुमार महतो, समिति के जवाहर महतो, हीरालाल महतो, प्रधान भोगता, अशोक महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, धर्मेंद्र महतो, मुचि राम मुंडा, आचार्य प्रमिला देवी, रुक्मणि देवी और हरनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## किसानों को नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराया

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीसा पंचायत अंतर्गत छोटकी गोंडांग गांव में शुक्रवार को सीएफएलडी आदर्श तेलहनी (समूह प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण आदर्श तेलहनी) सरसों कार्यक्रम के तहत किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके तहत 200 एकड़ क्षेत्र में नई किस्म 'बिरसा भाभा मस्टर्ड 1' के साथ ही विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं तकनीकें, समय पर बुवाई एवं लाइन में बुवाई, संतुलित खाद का प्रयोग, खरपतवार, कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए उन्नत उपाय, नये बीज, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एमिडाक्लोरोप्रिड, मैन्कोजेब एम 45 और दशपर्णी अर्क का उपयोग आदि को दर्शाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराना और सरसों की खेती में उत्पादन वृद्धि एवं क्षेत्र विस्तार के नए अवसर प्रदान करना था। संचालन कृषि विज्ञान केन्द्र के पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार ने किया। इसमें क्षेत्र के 200 प्रगतिशील किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का आयोजन केवीके रांची एवं आईसीएआर अटारी पटना, जोन-4 के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

## लोकपाल की टीम ने किया बेड़ो प्रखंड का दौरा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शर्ड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे झारखंड के लोकपाल की टीम ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर प्रशिक्षण से संबंधित कई जानकारियां ली। इस दौरान टीम के सदस्यों ने बेड़ो प्रखंड की ईंटा पंचायत का भ्रमण किया और वहां चल रहे विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। साथ ही लाभुकों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर कई अहम जानकारियां प्राप्त की। पंचायत में स्थित मनरेगा पार्क के अवलोकन के दौरान टीम के सदस्यों ने 42 लाभुकों द्वारा लगाए गए आम बागवानी योजना के अतिरिक्त सिंचाई कुप निर्माण योजना, डोभा निर्माण योजना, कच्ची नाली निर्माण योजना, टीसीबी निर्माण योजना, नडेफ कंपोस्ट निर्माण के साथ ही अन्य योजनाओं का अवलोकन किया। इसके बाद पंचायत कार्यालय में प्रशिक्षण सभा का भी आयोजन किया गया। जहां पंचायत में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेख दिखाकर उससे संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। मौके पर 7 रजिस्टर के अद्यतन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां टीम में शामिल लोकपाल ने प्राप्त किया। इसके बाद लोकपाल की टीम ने प्रखंड कार्यालय आकर मनरेगा कार्यों के तहत एनआईसी और इंटरनेट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। मौके पर प्रशिक्षक अनुपम भारती, उपनिदेशक मनरेगा कोषांग, निहार रंजन, महाराणा राज्य समन्वयक प्लानिंग सेल राज्य मनरेगा कोषांग और दीपक कुमार मनरेगा कोषांग ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर बीडीओ राहुल उरांव, लोकपाल पुष्प लता जायसवाल, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, भूपेंद्र श्रीवास्तव, कल्पना झा, संध्या प्रधान, सुशील कुमार तिवारी, तमन्ना परवीन, पूनम कुमारी, सुभान शेख, संजय कुमार उपाध्याय, शमीम अख्तर, धीरेंद्र प्रसाद सिंहा, संतोष कुमार पंडित, इंदु तिवारी, विनोद कुमार प्रमाणिक, शंकर कुमार, सुखदेव प्रसाद सिंह, संतोष कुमार रे, पुष्पा कुमारी, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिय अभियंता दुर्गा टाना भगत आदि मौजूद थे।

# 6.31 क्विंटल प्रतिबंधित डोडा लदा पिकअप-ऑटो जब्त, एक गिरफ्तार

## एक अन्य वाहन का चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए 6.31 क्विंटल प्रतिबंधित डोडा लदा पिकअप वैन और पियागो ऑटो जब्त किया है। वहीं वैन सवार सरथ उर्फ के सरथ कुमार को गिरफ्तार किया है। वह तमिलनाडु के तिरुवल्लुवर स्थित पुझल का रहने वाला है। ओपी प्रभारी भवेश कुमार ने बताया कि बुंडू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश को मिली सूचना पर टीम गठित कर भुसूर चौक पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खूंटी की तरफ से आ रहे एक पियागो ऑटो और बोलेरो पिकअप को रोकने का इशारा किया पर। चालक तेजी से ऑटो लेकर भाग गया, जबकि कंटेनर को चालक सहित रोककर पूछताछ की। कंटेनर की जांच करने पर उसमें 40 बोरों में डोडा लदा था, जिन्हें जब्त कर ओपी लाया गया। जब्त डोडा का वजन 631 किलोग्राम है। वहीं ऑटो को पकड़ने के लिए छापामारी कर खाली ऑटो भी जब्त कर लिया गया, जबकि चालक फरार हो गया। अबतक रांची पुलिस ने जब भी अफीम एवं डोडा को लेकर कार्रवाई की है राजस्थान, हरियाणा, पंजाब सहित पूर्वोत्तर राज्यों में तस्करी का लिंक मिला है। पहली बार ऐसा हुआ है जब डोडा की तस्करी दक्षिण के राज्य के लिए ले जाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच टीम में ओपी प्रभारी भवेश कुमार, पुअनि नितीश कुमार, सअनि अमृतलाल टोप्पो व सशस्त्र बल शामिल थे।



पकड़े गये आरोपित की जानकारी देती पुलिस।

## नामकुम में शिव महापुराण कथा का आयोजन 27 मार्च तक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मां दुर्गा मंदिर सदाबहार चौक के प्रांगण में श्री श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 21 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा, जिसका आयोजन समस्त नामकुम वासियों के सहयोग से किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध कथा वाचक व्यास प्रेम मूर्ति निरंजनानंद शास्त्री (वाराणसी) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वे शिव महापुराण की गूढ़ व्याख्या करेंगे और भक्तों को शिव भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देंगे।

## सीआइटी में भारतीय मानक ब्यूरो का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भारतीय मानक ब्यूरो के सौजन्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें विशेषज्ञ सौरभ राय ने क्वालिटी कनेक्ट प्रोग्राम फॉर स्टेट एंड सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिसियल्स विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वस्तु गुणवत्ता, हॉलमार्क, उपभोक्ता अधिकार और कंस्यूमर फॉर्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य छात्रों और कर्मियों को मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डीन प्रो अरशद उशमानी, प्रो अब्दुल रज्जाक और प्रो दीपक कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने उपभोक्ता जागरूकता और मानकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं के अधिकारों और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका को समझाने के लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान छात्रों ने विशेषज्ञों से विभिन्न मानकों और प्रक्रियाओं पर प्रश्न पूछे और उनके समाधान प्राप्त किए।

## एनएक्स कोर्स का समापन पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह

# नयी-नयी स्किल्स अपनाकर जीवन में सफलता प्राप्त करें : डॉ नितिन कुमार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे में आयोजित एन एक्स कोर्स के समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रो डॉ नितिन कुमार पूरी, कार्यकारी निदेशक, नाइलिट (झारखंड-बिहार) ने छात्रों को जीवन में कौशल और ज्ञान अर्जित करने के महत्व के बारे में प्रेरित किया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में पियूष त्रिपाठी, सहायक प्रशासन अधिकारी, नाइलिट पटना और डॉ ओम प्रकाश, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रांची भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ नितिन कुमार पूरी ने कहा कि हम जितना अधिक कौशल और ज्ञान प्राप्त करेंगे, उतना ही अपने लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होंगे। यह हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा और कौशल विकास से ना केवल आत्मनिर्भरता मिलती है, बल्कि यह कठिनाइयों को पार करने में भी सहायक होती है। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ प्रदान करने से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने टूल रूम का दौरा किया। जहां उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने टूल रूम के विकास और यहां दी जा रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण केंद्र छात्रों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि ने 20 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने टूल रूम में उपलब्ध विभिन्न कोर्सेस की जानकारी दी। कहा कि टूल रूम में केवल तकनीकी कौशल ही नहीं, बल्कि जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने कार्यक्रम का संचालन एवं समापन भाषण दिया।




# विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 116 मामलों को सुलझाया

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में परिवार न्यायालयों में लंबित वादों के निष्पादन के लिए आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दौरान कुल 116 मामले निष्पादित किए गए। अंतिम दिन शुक्रवार को 23 वादों को सुलझाया गया। विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन 16, दूसरे दिन 25, तीसरे दिन 27, चौथे दिन 25 एवं अंतिम दिन 23 मामले सुलझाए गए। इस मध्यस्थता अभियान में व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता एवं विशेषज्ञ मध्यस्थों और दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं का अहम योगदान रहा।

**दो परिवार टूटने से बचे**

इस अभियान के दौरान अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शेखर एवं प्रथम पक्ष के अधिवक्ता अपराजिता मिश्रा ने मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या ओएस 486/2023 को सुलझाया। इसमें प्रथम पक्ष सुरेश तिवारी (बदला हुआ नाम) ने अपनी पत्नी सुलोचना सिंह ( बदला नाम) पर विवाह विच्छेद के लिए अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-2 राजेश कुमार सिंह की अदालत में वाद दायर किया था। जिसे सुलझाने के लिए डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शेखर को नामित किया। मध्यस्थ नीलम शेखर एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास से समझाने पर दोनों पक्ष आपसी पुरानी रंजीश को भुलाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी हुए और मध्यस्थता केंद्र से राजी खुशी चले गये। अब से दोनों पति-पत्नी एवं बच्चे एक साथ अपने बेटा के साथ रहेंगे।

# 30 लाख रुपये के लिए अपहरण के आरोप में फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिदरौल सिंदवार टोली निवासी सुकरा उरांव के 13 मई 2024 को अपहरण करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अशोक साहू के रूप में हुई है। उसे होचर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि जमीन के पैसे के लेन-देन में हुए विवाद में सुकरा उरांव का अपहरण कर लिया गया था। जिसे छोड़ने के बदले परिजनों से 30 लाख रुपए मांगे थे। जिसकी सुकरा की पत्नी संतोषी लकड़ा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने 19 मई को होचर से सुकरा को सकुशल बरामद लिया था। साथ ही एक आरोपी प्रकाश टोपनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं चार आरोपी फरार थे। गौरतलब है कि बीते 13 मई 2024 की रात 10 बजे सिदरौल सिंदवार टोली से जमीन की खरीद-बिक्री के पैसे को लेकर प्रकाश एवं सुकरा में विवाद हुआ था। उसके बाद 13 मई की रात प्रकाश अन्य लोगों के साथ सुकरा के घर पहुंचा और उसे अपने साथ ले गया। प्रकाश ने छोड़ने के बदले 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। डरी सहमी पत्नी ने तीन दिन तक पति के लौटने का इंतजार किया। इसके बाद भी वह नहीं लौटा तो स्थानीय लोगों के कहने पर 16 मई को थाना में आवेदन दिया। पुलिस ने पहले गुमशुदगी का मामला दर्ज किया, जिसे बाद में प्राथमिकी में बदला गया एवं शुक्रवार की देर रात सुकरा को होचर से बरामद किया गया।

## गरीबी बनी अभिशाप : मजबूरी में बेटी को 10 वर्षों से बांध रखा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर से एक भावुक कर देने वाली तस्वीर सामने आयी है गरीबी कैसी अभिशाप बन जाती है यह चैनपुर क्षेत्र के वेंदोरा पंचायत अंतर्गत एक छोटे से गांव बसाईर टोली में देखने को मिला जहां 19 वर्षीय बेटी चुनमुनि कुमारी मानसिक रूप से बीमार हुई तो गरीबी के कारण मां-बाप को बेटी को रस्सी से बांधने पर मजबूर कर दिया।

मन को विचलित कर देने वाला यह दृश्य सामने आया है पिता जीतू रौतिया ने बतलाया कि उसके पांच बच्चे हैं उसकी बेटी चुनमुनिया तीसरे नंबर की है जिसके जन्म के 6 महीने के बाद ही उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं मालूम चल रही थी। उसकी मानसिक स्थिति उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती चली गयी। कुछ बड़ी हुई तो कभी कुआं में छलांग लगा देती तो कभी पेड़ में चढ़कर कूद जाती। वही गरीबी के कारण रोजी-रोटी के लिए दोनों पति-पत्नी को मजदूरी करने जाना



पड़ता है जिस कारण बेटी को रस्सी से गला हाथ पैर को बांधकर घर से बाहर मजदूरी करने जाने को विवश थे। यह सिलसिला पिछले 10 वर्षों से चल रहा है।

वही चुनमुनिया की मां दुलारी देवी ने बतलाया कि उसकी बेटी मानसिक रूप से बीमार होने के कारण निर्वस्त्र होकर ही गांव में घूमती है जिससे उन्हें काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। उनके काफी प्रयास के बाद भी उनकी बेटी कपड़े नहीं पहनती जबरन कपड़े पहनाने के बाद भी वह कपड़े उतार कर फेंक देती है।

मां बाप ने बतलाया कि वे काफी गरीब है टूटे-फूटे झोपड़ी नुमा घर में किसी प्रकार जीवन यापन कर रहे हैं। गरीबी के



कारण ही बेटी का समुचित इलाज नहीं कर पा रहे हैं देहाती इलाज और ओझा गुनी कर के वे थक चुके हैं पर कोई फायदा नहीं हुआ। स्थानीय अस्पताल व जिला अस्पताल का भी चक्कर लगा चुके हैं पर कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी 19 वर्ष की हो चुकी है पर अब तक उसका आधार कार्ड नहीं बना है। पिछले कुछ वर्ष पहले बेटी के इलाज की सहायता के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर भी लगा चुके कई जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगायी पर उनकी फरियाद किसी ने नहीं सुनी अब वे भगवान भरोसे हैं। बेटी के बीमारी की वजह से पिता बाहर कमाने नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी सुविधा के नाम पर उनके आंगन में नल जल योजना का एक नल भर लगा हुआ है। जॉब कार्ड भी बिचौलियों के हाथ में है जो कुछ रुपये देकर सारा पैसा ले लेते हैं। शौचालय मिला था पर बिचौलियों ने ऐसा निर्माण कराया कि किसी काम का नहीं है। आपको बता दे की मानसिक रोगियों के लिए शासन कई योजनाएं चल रही है। लेकिन क्षेत्र के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते चुनमुनिया कुमारी और उसके परिवार को कोई सहायता नहीं मिल पाया है। आर्थिक रूप से कमजोर और जानकारी के अभाव में एक युवा का जीवन खराब हो रहा है चुनमुनिया और उसके असहाय परिवार का सहारा कोई भी नहीं है। क्षेत्र में कई सामाजिक संस्थाएं हैं जो बेटियों और मानसिक रोगियों के इलाज के सहयोग प्रदान करती है बावजूद इसके चुनमुनिया की स्थिति के बारे में उन्हें अब तक जानकारी नहीं मिल पायी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक के समीप सड़क दुर्घटना में लगभग 27 वर्षीय जगदीश गोप गंभीर रूप से घायल है। घायल को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जगदीश मूल रूप से जयरागी का रहने वाला है और लंबे समय से घाघरा में किराए के मकान पर रहकर जेसीबी चलता था। शुक्रवार को अपने स्कूटी से चांदनी चौक से ब्लॉक की ओर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात मालवाहक पिकअप से सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे यह घटना घटी घटना के बाद वाहन चालक वाहन ले कर फरार हो गया। वही घायल को बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया।

## 250 ग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरसी चर्च (कुदा) टुरुंडू के समीप पुलिस ने बीती गुरुवार को देशा होरो नामक एक व्यक्ति को 250 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया।वहीं उसके निशानदेही पर लगभग 53 किलोग्राम डोडा भी बरामद किया गया। बसिया के एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने शुक्रवार को कामडारा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिला कि कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव टुरुण्डू डुमरटोली की ओर से एक व्यक्ति काला रंग के पिट्ठू बैग लिये हुये अफीम की तस्करी के लिये खूंटी की ओर जा रहा है। जिसकी सत्यापन के लिये बसिया एसडीपीओ नजीर अख्तर के नेतृत्व पर एक छापेमारी दल का गठित की गयी। जिसमे कामडारा के थाना प्रभारी शशि प्रकाश और सशस्त्र बल को शामिल किया गया। इसके बाद छापेमारी पुलिस



टीम जैसे ही आरसी चर्च (कुदा) टुरुण्डू के पास पहुंची और बताये गये हुलिया के आधार पर आ रहे एक व्यक्ति को पकड़ कर तलाशी ली गयी तो उसके बैग से 250 ग्राम अफीम बरामद हुआ। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम देशा होरो उम्र 26 वर्ष वर्तमान पता गांव टुरुंडू डुमरटोली, थाना कामडारा बताया। वहीं पुलिस के द्वारा पूछताछ किये जाने पर उसने बताया कि गांव टुरुण्डू जंगल स्थित एक खेत पर अफीम का खेती किया था। इसके बाद पुलिस ने उसके निशानदेही पर टुरुण्डू जंगल के एक झाड़ी से प्लास्टिक के कुल 7 बोरों में छुपाया हुआ कुल 53 किलोग्राम डोडा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक झाडियों से बरामद की गई अफीम व डोडा का अनुमानित कीमत नौ लाख रुपये होगी।वहीं पुलिस ने उक्त अफीम तस्कर व्यक्ति के पास से एक रेडमी कंपनी का स्मार्ट फोन भी बरामद किया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ नाजिर अख्तर,थाना प्रभारी शशि प्रकाश, हवलदार धनसिंह देवगम, कॉंग्रेस प्रसाद यादव, सुमित सिंह, सुमन सुरीन सहित अनुमंडल के अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## हसदोन बधिमा के जंगल में वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं के द्वारा गजाइ नदी से जल लेकर पूजा स्थल पर लाया गया। तत्पश्चात जल से शुद्धिकरण कर पूजा अर्चना किया गया और साल के वृक्षों पर सभी ने रक्षाबंधन किया साथ ही जंगल बचाने की शपथ लिया। रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ अवनीश चौधरी,एसीएफ अमित कुमार सिंह, रेंजर अशोक कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने पूजा स्थल पर पूजा अर्चना कर साल वृक्ष पर रक्षाबंधन किया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। हसदोन के जंगल में ही मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इको समिति व, ग्रामीणो के द्वारा वन सुरक्षा से संबंधित नाच गान, और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डीएफओ अवनीश चौधरी ने कहा कि यहां की वादियां मनमोहक है और यहां के मन से अच्छे हैं। जंगल को बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं जंगल सरकार का नहीं है वन सम्पदा आपका है सभी लोगों की सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी ठान लें तो जंगल व जानवर सुरक्षित रहेगा।वन जंगल को शिव भगवान की तरह पूजा करना चाहिए। बड़े शहरों में आक्सीजन की कमी, पानी की कमी दिनों दिन कम पड़ रहा है जलवायु परिवर्तन हो रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित रखने के लिए जंगल बचाओ और वृक्षारोपण करना है।

## मिशन बदलाव के प्रयास से दंपति की लड़ाई को गांव में ही सुलझाया गया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव भरणो के सदस्य बुधेश्वर उरांव ने बताया कि भरनो स्थित बोंडा गांव में पिछले कई सालों से दंपत्ति की ओर लड़ाई चल रही थी और एक ये है लड़ाई से पूरा परिवार और गांव प्रभावित था। लड़ाई के वजह से आपसी रिश्ते में कड़वाहट आ गयी थी और उसके बाद बुधेश्वर उरांव को जब ये जानकारी मिली तो उन्होंने ने पूरे ग्रामीणों की ओर से बैठक बुलायी। ग्रामीणों के समक्ष पति-पत्नी की लड़ाई को दोनो पक्षों के द्वारा ग्रामीणों के बीच सुना गया। बुधेश्वर उरांव ने बताया कि आज अगर ये लड़ाई ग्रामीणों के समन्वय से नहीं सुलझाया जाता तो लड़ाई थाने से लेकर कचहरी पहुंचता और दोनो पक्षों को नुकसान उठाना पड़ता। इस लड़ाई को ध्यान देते हुए बुढेश्वर उरांव के नेतृत्व में सभी ग्रामीण सहमत हुए। बुधेश्वर उरांव ने बताया कि जब कभी ऐसे लड़ाई हो तो आपसी मध्यस्थता से लड़ाई सुलझाया जा सकता है इसलिये सभी को इमानदारी पूर्वक प्रयास करने की जरूरत है।

### बिलिंगबिरा पंचायत केसनइडीह के जंगल में मिली दंपति की लाश

## पहले कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या, फिर खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में एक दर्दनाक घटना सामने आयी है। पालकोट प्रखंड के बिलिंगबिरा पंचायत के सनईडीह गांव में पति ने नशे की हालत में पत्नी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी पेड़ से फंदा बना उससे लटक गया। दंपती का शव गुरुवार की शाम जंगल में मिला।

मृतकों में रंगपाल सिंह और चंद्रिका देवी शामिल है। घटनास्थल घर से करीब दो किलोमीटर जंगल क्षेत्र में है। दंपती की शादी 1994 में हुई थी। उनके छह बच्चे हैं।

**पिता अक्सर शराब के नशे में रहते थे : बेटा**

मृतकों के बेटे रूप धारी सिंह ने बताया कि पिता हमेशा नशे में रहते थे। बुधवार को भी वो नशे में थे और मां के साथ महुआ चुनने जंगल गये थे। दंपती के बीच अक्सर शराब को लेकर झगड़ा होता था।



रंगपाल सिंह पत्नी चंद्रिका देवी के साथ।

**पिता की पेड़ से लटकी लाश मिली**

रूप धारी सिंह के अनुसार, बुधवार की रात माता-पिता दोनों ही वापस घर नहीं लौटे तो गुरुवार को हमने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच पिता की पेड़ से लटकी लाश मिली। वहीं, कुछ दूर पर मां का शव जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला।

**महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से किया वार**

जंगल में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद रंगपाल ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद गुरुवार शाम को रंगपाल ने पेड़ पर फांसी लगा ली।

**मुखिया ने पुलिस को घटना की दी जानकारी**

इधर, दोनों का शव मिलने की सूचना के बाद मुखिया सस्ती देवी के माध्यम से पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी। वहीं, पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।

## आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से किसानों की फसल नष्ट

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में गुरुवार देर शाम और शुक्रवार की सुबह तेज आंधी तूफान, बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि के कारण सैकड़ों किसानों की फसल पुरी तरह से बर्बाद हो गयी साथ ही क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों के मकान व एस्बेस्टस को नुकसान हुआ है।



लोहरदगा जिले से सटे प्रखंड के उत्तरी क्षेत्र के बोंडो,सुरसा, मादा, पुसो, गढ़वाली, भुरसो, छारदा सहित दर्जनों गांव-टोलों में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे आयी ओलावृष्टि व बारिश से खेत में लगी तैयार फसलें गेंहू, टमाटर, तरबूज, प्याज, गोभी, भिंडी, करेला, कद्दू, बोदी, बीन सहित हरी साग सब्जियों की खेती को भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों में भारी हताशा और किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बोंडो-मादा के किसान रविराम उरांव ने बताया कि डेढ़ एकड़ से अधिक जमीन पर गेहूं की फसल लगाया था, जो तैयार हो चुका था, लेकिन बेमौसम हुए बारिश और ओलावृष्टि में पुरी फसल बर्बाद हो गया। खेती में निवेश किये सारी जमा पूंजी खत्म होने से जीविका पर भारी संकट गहरा गया है। वहीं कुशल टोप्पो,एतवा उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, सुकरा उरांव, चरकु उरांव, शंकर उरांव, छोटेलाल उरांव, बालक टाना भगत, परदेश बेलास तिर्की, सुनिल उरांव तेम्बा उरांव सहित कई किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सभी किसानों ने प्रशासन से क्षति पुर्ती और मुआवजा की मांग की है।

## बारिश से 40 एकड़ में लगी टमाटर की खेती बर्बाद



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई इलाकों में शुक्रवार की सुबह अचानक मौसम में हुईं बदलाव और अंधाधुंध तूफान बारिश के साथ ओलावृष्टि से जिससे किसानो का लाखों का नुकसान होने कि अनुमान है। वर्तमान में किसान टमाटर, तरबूज सहित कई फसल बड़े पैमाने पर लगाये है, जिसे काफी नुकसान पहुंचा है। देवाकी निवासी किसान अरुण साहू अंजू ने कहा कि वह देवाकी में लगभग 40 एकड़ में टमाटर की खेती किया है जो आज के इस ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है उसने नुकसान का आकलन लगाते हुए कहा है कि लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान इस ओलावृष्टि से हुआ है। सहित कई किसान है जिनका काफी नुकसान हुआ है सभी ने प्रखंड प्रशासन से क्षतिपूर्ति का गुहार लगाया है। पीड़ित किसानों ने अंजू साहू, राजेश साहू, प्रभात साहू, बैजू गोप, विपुल साहू, बिगेश्वर उरांव, ढूचई उरांव, हेमंत उरांव, संजीवन उरांव, प्रधान उरांव, सुंदर नाथ उरांव, मनी उरांव अजीत मनी पाठक, निलेश मनी पाठक, संतोष सिंह, लालजी उरांव, बहुरा उरांव, रामकिशन उरांव, देवठान उरांव, बिरजू उरांव, रोपना उरांव, धनीराम उरांव, विनय उरांव, प्रकाश भगत, तेंबा पहान, बालका उरांव, सुशीला उरांव सहित कई किसानों का काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में सीओ आशीष कुमार मंडल से पूछने पर उन्होंने कहा किसानों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं अभिलेख खोलकर जिला को मुआवजा के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही उन्होंने अपने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संबंधित पंचायत में घूम घूम कर क्षतिपूर्ति का आकलन लगाया और मुआवजा के लिए प्रक्रिया जल्द पूरी करे ताकि सभी मुआवजा दिया जा सके।

## तीसरे जुम्मा पर शहर के विभिन्न मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

आजाद सिपाही संवाददाता







**गुमला।** थाना रोड स्थित जामा मस्जिद गुमला में इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी, आजाद बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में बड़ी जमात के साथ नमाजे पढ़ी गयी। जामा मस्जिद के इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि माहे रमजान को तीन हिस्से में रखा गया है पहला रहमत का दूसरा बरकत का और अब हम सब आखरी तीसरे दौर पर हैं। जिसमें हम सबको अपने और अपनों के लिए मगफिरत के लिए दुआ करने की जरूरत है। जिस तरह से हम लोगों ने अभी तक पाबंदी के साथ रोजा रखा है कुरान का पाठ किया है तराबीह की नमाजें अदा करते आ रहे हैं मुसलमान को चाहिए कि अपनी जिंदगी पूरी तरह से सुन्नते रसूल पर चलकर गुजरने की कोशिश होनी चाहिए। ऐसा नहीं कि सिर्फ रमजान के मौके मस्जिदों को आबाद रखा जाये और इस पवित्र महीने में गरीब, यतीम अबला जरूरतमंद लोगों को मस्जिद, मदरसे आदि का ख्याल रखें। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सचिव, मकसूद आलम नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मोहम्मद हसन उर्फ लड्डन ने कहा है कि गुमला की मुस्लिम आवाम ने जिस तरह से अंजुमन इस्लामिया को हर तरह से मदद किया है और उसी के बदौलत अंजुमन इस्लामिया जामा मस्जिद गुमला कब्रिस्तान और मिलाते इस्लामिया के लिए हिम्मत और मजबूती के साथ अपने मिशन में काम कर रही है मैं अपने गुमला की आवाज से गुजारिश करता हूं कि आपसी भाईचारा के साथ गुमला शहर को भी स्वस्थ सुंदर बनाने के लिए कम से कदम मिलाकर इस पवित्र महीने में संकल्प लें। अंजुमन इस्लामिया के नायब सदर हाजी सुल्तान अंसारी ने इस मौके पर कहां है कि रमजान ऐसा त्यौहार है जिसमें अपने घर के साथ-साथ पास पड़ोस टोला मोहल्ला के जरूरतमंद लोगों पर खास नजर रखकर बढ़ चढ़कर मदद की जाती है।

## दूरसंचार अवसंरचना का आकलन करने के लिए टीएसपी की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कार्यालय कक्ष में डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती रोशनी सोहनी एवं बीएसएनएल के वरीय अधिकारियों के साथ जिले में दूरसंचार अवसंरचना की समीक्षा और उन्नयन के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की गयी और कुछ नये शैडो साइट्स पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही, ब्लॉक मुख्यालय में स्थित पुस्तकालय को पूर्ण वाई-फाई सुविधा से लैस करने के प्रस्ताव पर बीएसएनल टीम के साथ विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रावधान पर भी चर्चा की गयी।

### स्पोर्ट्स

नवंबर में राजधानी रियाद में आइपीएल का मेगा ऑक्शन हुआ था। इससे पहले, सऊदी ने आइपीएल में 5 बिलियन डॉलर (करीब 43 हजार करोड़) के निवेश का प्रस्ताव रखा था

## टी20 लीग शुरू करने की तैयारी में सऊदी अरब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गोल्फ, बॉक्सिंग, टेनिस, फॉर्मूला-1, एमएमए में दिलचस्पी दिखाने के बाद सऊदी अरब ने अब क्रिकेट की ओर रुख किया है। नवंबर में राजधानी रियाद में आइपीएल का मेगा ऑक्शन हुआ था। इससे पहले, सऊदी ने आइपीएल में 5 बिलियन डॉलर (करीब 43 हजार करोड़) के निवेश का प्रस्ताव रखा था।

इसी क्रम में सऊदी अरब क्रिकेट की दुनिया में बड़ा कदम रखने की तैयारी कर रहा है। सऊदी अरब के पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड के तहत काम करने वाली एसआरजे स्पोर्ट्स इंवेस्टमेंट्स कंपनी द्वारा एक



ग्लोबल टी20 लीग की योजना बनायी जा रही है।

**लीग में होगी आठ टीमें, चार अलग-अलग देशों में होगा टूर्नामेंट :** इस लीग को टेनिस ग्रैंड स्लैम की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इसमें कुल आठ टीमें होंगी, जो सालभर में चार अलग-अलग देशों में टूर्नामेंट खेलेंगी। हर टूर्नामेंट 10 से 12 दिन तक चलेगा। इसका फाइनल सऊदी अरब में हो सकता है। दरअसल, हर साल चार टेनिस ग्रैंड स्लैम (ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन, यूएस ओपन) चार अलग-अलग देशों में होते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस नयी लीग के तहत महिला और पुरुष दोनों के टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना है।

## हुसैन नगर में बारिश के बाद घरों में घुसा नाली का गंदा पानी

आजाद सिपाही संववाददाता

**गुमला।** गुमला शहर के हुसैन नगर आजाद बस्ती मोहल्ले में नरकीय जीवन जीने को मोहल्लेवासी मजबूर हैं। गुरुवार की रात हुई बारिश के बाद नाली का पानी सड़कों में आ गया वहीं कई लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी घुस गया है। शुक्रवार की सुबह 8 बजे मोहल्ले वासियों ने बताया नगर परिषद द्वारा कई माह से सफाई नहीं किया गया है। नगर परिषद के कर्मी सफाई के लिए मोहल्ला नहीं आते हैं। कई बार नगर परिषद के वरीय अधिकारी को मामले की जानकारी दी गयी। लेकिन उनके कान में जूं तक नहीं रेंगी। लोगों ने बताया मोहल्ले के नाली और सड़के टूटी फूटी है। कई जगह नाली का निर्माण भी



नहीं हुआ है। बदबू से लोगों का जीना बेहाल है। बारिश के बाद सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर जल जमाव और कचरे के कारण मोहल्ले के कई विद्यार्थी स्कूल नहीं जा सके। लोग सड़क सूखने का इंतजार कर रहे हैं। सड़कों में नाली के गंदे पानी और कचरा का जल जमाव हो गया है। नगर परिषद द्वारा कचरा के लिए डस्टबिन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। लोगों ने बताया कचरा उठाव करने वाला वाहन कभी भी मोहल्ला नहीं आता है। मोहल्ले में नाली जाम और पानी निकासी का समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों के घरों में नाली का गंदा पानी घुस जाता है। मोहल्ले वासियों ने बताया नगर परिषद सिर्फ टैक्स लेने और जुर्माना वसूलने में दिलचस्पी दिखा रहा है। लेकिन शहर की साफ सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं है। पूर्व के नगर प्रशासक द्वारा शहर के सौंदर्य करण को लेकर कई प्रकार की योजनाएं बनायी थी और उसे अमली जामा पहनाना शुरू भी किया था। गुरुवार की रात हुई बारिश में नगर परिषद की पोल खुल गयी है। मामले को लेकर नगर परिषद गुमला के प्रशासन को फोन से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## बज्म ए रब्बानी कमेटी के दावत-ए-इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की झलक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बज्मे रब्बानी कमेटी गुमला के दावत ए इफ्तार में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक दिखायी पड़ी। बज्म ए रब्बानी कमेटी ने शुक्रवार को दावत - ए - इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया।यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय के थाना रोड स्थित जामा मस्जिद के ठीक सामने जिला परिषद का नवनिर्मित मैरेज हॉल में आयोजित हुई।इफ्तार पार्टी में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज सेवियों के अलावे जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों ने शिरकत की।बज्मे रब्बानी कमेटी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी गुमला शहर के लिए अब तक का सबसे बेहतर बड़े पैमाने पर सफलता पूर्ण आयोजन रहा।रमजान के महीने में इस तरह का आयोजन करने से आपसी भाईचारगी और सौहार्द का माहौल बनता दिखाई देता है। या यूं कह लीजिए सामाजिक स्तर पर कायम आपसी सौहार्द की कड़ी में और मजबूती प्रदान करती है इफ्तार पार्टी।वहीं कमेटी के सचिव आमिर रब्बानी ने बताया कि बज्मे रब्बानी कमेटी हमेशा धार्मिक और सामाजिक स्तर पर समाज हित के लिए कई तरह के काम को अंजाम देती है। साथ ही कमेटी के नवजवानों द्वारा समय - समय पर ब्लड डोनेशन कर मरीजों का जान बचाने का काम किया जाता है।

# मांडू विधायक ने विस में उठाया ऊपरघाट का मामला



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत पेंक पंचायत में बने 120 बेड के अस्पताल का मामला मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो ने शुक्रवार को विधानसभा में उठाया है। उन्होंने सवाल किया कि अस्पताल बने 10 वर्ष हो गया है, लेकिन अभी तक सुचारू रूप से चल नहीं रहा है। सरकार की ओर से जवाब मिला है कि एक डॉक्टर और एक एएनएम पदस्थापित है। यह मामला ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य सह आजसू की केंद्रीय सचिव कुमारी खुशबू महतो ने मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो को जानकारी दी थी। जिसके बाद मांडू विधायक ने यह मामला विधानसभा में उठाया। वहीं, जिप सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि सरकार की ओर से जो जवाब विधायक जी को मिला है वह संतोषजनक नहीं है। क्योंकि उक्त मामला को हमने बोकारो जिला परिषद में कई बार उठाते आए हैं, लेकिन कोई सटिक जवाब नहीं मिला। जिसके चलते मांडू विधायक ने यह मामला विस में उठाया। पर सरकार ने जो जवाब दिया है उसके विपरित उस अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं रहते हैं। वहां सिर्फ एक एएनएम पदस्थापित है। पर जितना बड़ा अस्पताल है,अगर सरकार ध्यान होती और पूर्ण सुविधा अस्पताल में मिलती तो इस क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत होती। वहीं युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो ने कहा कि यह मामला विगत 10 वर्षों से झारखंड विधानसभा में गूंज रही है। पूर्व में विधानसभा से जांच कमेटी गठन कर भेजा गया था। उस समय के वर्तमान डुमरी विधायक जगरनाथ महतो, मांडू वर्तमान विधायक जयप्रकाश पटेल, बोकारो डीडीसी एवं बोकारो के जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बनाकर भेजा गया था। लेकिन अभी तक अस्पताल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

## चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना लाखों की संपत्ति लेकर हुए फरार

धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर थाना अंतर्गत गोसाईडीह में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर फरार हो गये। बताया जा रहा कि गोविंदपुर के गोसाईडीह में जितेंद्र चौरसिया के घर को चोरों ने निशाना बनाया। भुक्तभोगी जितेंद्र चौरसिया ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ चितरंजन अपने ससुराल गए थे। शुक्रवार को वहां से अपने घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखा। अंदर गये तो पूरे घर में सामना बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से सोना और चांदी के जेवरात सहित दो लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए है। भुक्तभोगी ने घटना की जानकारी गोविंदपुर पुलिस को दिया। मामले की जानकारी मिलने पर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

## दामोदर नदी और झारखंड की मूल समस्याओं पर गोष्ठी का आयोजन आज से



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड किसान विकास संघ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शनिवार और रविवार ( दो दिवसीय)।को पुटकी के स्थानीय श्रमिक क्लब में दामोदर नदी एवं झारखंड की मूल समस्याओं पर गोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता पीएस शारदा, महाराष्ट्र के वर्धा विश्व मानव सेवा आश्रम संस्थान के संस्थापक शत्रुघ्न झा, रांची महिला मोर्चा अध्यक्ष कुमुदिनी केरकेट्टा, भूदान यज्ञ कमेटी प्रदेश यूनियन के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह, समाजसेवी गीता देवी हजारीबाग, उषा शर्मा सीतामढ़ी, मनोज कुमार ग्रामोद्योग देवघर से शामिल होंगे। संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी ने कहा कि इस गोष्ठी में मुख्य रूप से दामोदर प्रदूषण मुक्त करने को लेकर चर्चा होनी है।

## फुटपाथ दुकानों में लगी आग, लाखों की संपत्ति जली



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी के डोमगढ़ क्षेत्र में एचयूआरएल मटेरियल गेट के सामने स्थित तीन दुकानों में आग लग गयी। जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जल गयी। दुकानदार जीत साह ने बताया कि शुक्रवार तड़के तीन बजे हर्ल और एसीसी के अग्निशामक दलों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी और अन्य दो दुकानों का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। प्रभावित दुकानदार इंद्र देव शर्मा और जीत साह की मानें तो डोमगढ़ पानी टंकी निवासी अमित चौबे ने कुछ दिन पूर्व धमकी दी थी कि सभी दुकानों में आग लगा देंगे। बताया जा रहा कि अमित चौबे का मोबाइल फोन खो जाने के बाद उसने सभी दुकानदारों से नया मोबाइल फोन खरीदकर देने की मांग की थी।ऐसा नहीं करने पर दुकानों में आग लगाने की धमकी दी थी। अमित चौबे के अभद्र व्यवहार के कारण सिंदरी पुलिस ने उसे दंडित भी किया था. संभवतः उसी से आकोशित होकर होकर उसने यह कृत्य किया। आग लगने की इस घटना में जीत साह की दुकान में लगभग 80 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं, इंद्रदेव शर्मा की चाय-पकौड़ी और जनरल स्टोर की दुकान में लगभग 60 हजार रुपये और आरती कुमारी की सब्जी और सत्तू की दुकान में चार हजार रुपये की संपत्ति जली है।प्रभावित दुकानदारों ने प्रशासन से अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध कोयला लदा पिकअप वैन पकड़ाया, दो गिरफ्तार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** पुलिस की पीसीआर टीम ने गुरुवार की रात अवैध तरीके से कोयला लेकर जा रहे एक पिकअप वैन को पकड़ लिया। लगे हाथ वाहन में सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, पिकअप वैन मधुबन थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लादकर फोरलेन मार्ग से बंगाल की ओर जा रही थी। तभी गश्ती टीम ने तेलमच्चो मोड़ पर वाहन को रुकने का इशारा किया। पर पुलिस को देख चालक ने रुकने के बजाय वाहन की रफ्तार बढ़ा कर भागने की कोशिश की। हालांकि पीसीआर ने उसका पीछा कर तेलमच्चो चेकपोस्ट के पास पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक दाउद अंसारी और रज्जाक अंसारी हैं जो कतरास के श्यामडीह के रहने वाले हैं। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोयला लदे वाहन को जब्त कर तेलमच्चो चेकपोस्ट पर रखा गया है।

### जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से शिकायत लेकर पहुंचे लोग

# वृद्धा ने की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम (कानून व्यवस्था) पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी गयी। जनता दरबार में डिगवाडीह की वृद्धा महिला ने एडीएम को बताया कि उनकी आदिवासी खाते की जमीन पर वह पिछले 22 साल से रहती आ रही है। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत पर झरिया अंचल कार्यालय ने जांच की और इसकी



जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्याएं सुनते एडीएम (कानून व्यवस्था) पीयूष सिन्हा।

रिपोर्ट अनुमंडल कार्यालय को भेजी। अनुमंडल कार्यालय द्वारा उन लोगों को बारंबार हाजिर होने को लिखा जाता है। पर अवैध निर्माण करने वाले कभी हाजिर नहीं होते है। बल्कि अवैध निर्माण जारी रखे हुए है। महिला के आवास की नाली भी बंद कर दी है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एडीएम ने झरिया सीओ को फोन कर तुरंत महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने मेमको मोड़ स्थित शाखा 'शांति निवास' के सामने की बाउंड्री वॉल के आगे हो रहे निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया। बताया कि इस शाखा में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग महिला, पुरुष और बच्चे रहते हैं। बाउंड्री वॉल के आगे हो रहे निर्माण से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। एडीएम ने धनबाद अंचल अधिकारी को इसकी जांच करने का निर्देश दिया।

## कुएं में गिरी महिला हालत गंभीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के निरसा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उर्मा गांव मे एक महिला कुआं में गिर गई। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से महिला को कुआं से बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया। जहां घायल महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा कि निरसा निवासी मनिबाला मंडल (61), पानी भरने के दौरान कुआं में गिर गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई है।

## रेल पटरी से किशोर का शव बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत कुमारधुबी और बराकर स्टेशन के बीच बराकर पुल के समीप शुक्रवार को एक किशोर का शव बरामद हुआ। शव दो टुकड़ों में कटा हुआ था। कुमारधुबी स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस मृतक के परिजनों से बात कर सकी। जिसके बाद उसकी पहचान कतरास के सलानपुर निवासी महेश यादव के पुत्र संदीप कुमार यादव (19) के रूप में हुई है। मृतक का पैतृक गांव बिहार के नवादा जिले में है। पुलिस ने परिजन को भी मोबाइल से मौत की सूचना दे दी है। खबर पाकर परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। लेकिन विलंब होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शनिवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजन को सौंप दिया जाएगा। वहीं, थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि कुमारधुबी स्टेशन मास्टर की सूचना पर शव को बरामद किया गया है। मामले में यूडी कांड अंकित कर हर बिंदु पर जांच की जा रही है। मृतक के परिजन की लिखित शिकायत एवं पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## पूर्व विधायक ने किया ट्रांस्फॉर्मर का उद्घाटन

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत धवैया पंचायत में पूर्व विधायक बबीता देवी ने शुक्रवार को 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मघ निषेध विभाग मंत्री कृतसंकल्पित हैं। इस गांव में बाधित बिजली आपूर्ति को सूचारू रूप से चालू कराया गया है। जनता को योजनाओं के जरिए अधिक से अधिक सहूलियत और लाभ मिले, इस दिशा में काम



किया जा रहा है। खराब हुए 25 केवीए के ट्रांसफार्मर की जगह ग्रामीणों की मांग पर क्षमता बढ़ाते हुए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे ग्रामीणों की मांग पूरी हुई है। मौके पर मुखिया तेजलाल महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## पैनल अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शुक्रवार को पैनल अधिवक्ता एवं लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने, लाभुकों का उसका हक दिलाने और लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के



विषय में अवर न्यायाधीश राकेश रोशन द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर डालसा के तमाम पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ आदि मौजूद थे।

### पहला कदम ने डाउन सिंड्रोम दिवस पर निकली जागरूकता रैली

# बीसीसीएल की दीक्षा महिला मंडल ने दिव्यांग बच्चों को दी ट्राई साइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षको द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका उद्देश्य डाउन सिंड्रोम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में समावेशिता को प्रोत्साहित करना है। आमतौर पर डाउन सिंड्रोम से जुड़े मिथक को तोड़ने, इसके लक्षणों और देखभाल के तरीको के बारे में जानकारी दी गई। सचिव अनिता




अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार की जागरूकता रैली समाज के लोगों को यह समझने में मदद करती है की डाउन सिंड्रोम से ग्रसित लोग भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है और वे भी अपनी क्षमता के अनुसार योगदान कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते है। इस विशेष दिन पर बीसीसीएल की दीक्षा महिला मंडल की ओर से पहला कदम स्कूल के तीन बच्चों को ट्राई साइकिल दिया गया। इस अवसर पर बच्चों का हैसला बढ़ाने के लिए धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो और मिल्टन पार्थ सारथी भी उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से युवती झुलसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के तोपचांची में झमाझम बारिश के बीच हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तोपचांची सीएचसी ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर यिा गया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक अनामिका कुमारी नामक युवती शौच के लिए मैदान की ओर गई है। वहीं वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गई। खबर है कि युवती की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची रेफर कर दिया है।


Government of Jharkhand

**Department of Information Technology and e-Governance**

3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

Bids are invited from CERT-IN empaneled auditor for audit of ASA & AUA/ KUA (DoIT & e-Gov., Govt. of Jharkhand) for year 2024-25. The bid document can be downloaded from Govt. of Jharkhand's e-procurement website- "**www.jharkhandtenders.gov.in**". The bidder may submit their proposals latest by **02.04.2025 at 03:00 PM** though the online e-tendering portal.
For further queries please contact on Email – uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in
The details of the tender are as follows:

**Important Information**

| Sl. No. | Description | Detailed Information |
|---|---|---|
| 1 | Name of project | RFP for Audit of ASA, AUA/KUA & Other Departments |
| 2 | Tender Reference Number | ASA_AUA/KUAAudit-06/2024-25 |
| 3 | Date of release of bidding document on Jharkhand e-Tender Portal | 21.03.2025 at 10:00 AM onwards |
| 4 | Last date and time for bid document can be download from Jharkhand e-Tender portal | 01.04.2025 at 06:00 PM |
| 5 | Last date and time for bid submission on e-Tender portal | 02.04.2025 at 03:00 PM |
| 6 | Date and time for opening of Technical Bid | 03.04.2025 at 04:00 PM |
| 7 | Date and time for opening of Financial Bid | To be informed later |
| 8 | Address of Opening of Technical Bid | Chamber of Joint Secretary, 3rd Floor, Project Bhawan, Ranchi, Jharkhand. |
| 9 | Bid related queries | Phone No.: +91-651-2970091<br>Email Id: uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in |
| 10 | EMD | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) (EMD is waived off for Government entities, Autonomous bodies, PSUs and Jharkhand State MSME) |

Note: -
1. Bids should be submitted online through Govt. of Jharkhand's e-procurement website
2. Bids will be opened online; Bidders may view the details through their terminal.

**Sd/- Joint Secretary**
**DoIT & e-Gov**

PR 348901 Information Technology (24-25)_D



**समाहरणालय, कोडरमा**
**(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, कोडरमा)**
**( प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना कोषांग)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

विज्ञापनदाता का नाम — जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय — 06.04.2025 को अपराह्न 02.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 06.04.2025 अपराह्न 04.30 बजे तक

**कार्य का विवरण –**
कोडरमा जिलान्तर्गत डोर स्टेप डिलीवरी पद्धति से प्रखंडस्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न पहुंचाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्रखंडवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु जिला के सभी प्रखंडों के लिए उपलब्ध कराये गए विवरणी एवं शर्तों अनुसार निविदा प्रकाशित की जाती है।
निविदा की सम्पूर्ण विवरणी एवं शर्तें koderma.nic.in की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा

PR 348923 School Education and Literacy (24-25)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Short e-Procurement Tender Notice**
**(2nd Call)**
**Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-11/2024-25**
**Letter no:-174** **Date: - 21.03.2025**
**Details of Works:-**

| Group No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयनगर | सी0एच0सी0 जयनगर में सम्पर्क पथ निर्माण | 24.830 | 03 Months |
| 2. | डोमचाँच | डोमचाँच प्रखंड अन्तर्गत ढाब पंचायत के महुआपहाडी से ध्वजा तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण | 18.454 | 03 Months |
| 3. | डोमचाँच | प्रखंड डोमचाँच पंचायत पुरनाडीह उमेश साव घर से बबुनी तुरी घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 15.769 | 03 Months |
| 4. | डोमचाँच | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कलीडीह प्रखंड डोमचाँच में विद्यालय के बगल बने पुल पर दोनो तरफ सुरक्षा दीवार/गार्डवाल निर्माण कार्य | 17.943 | 03 Months |
| 5. | कोडरमा | ग्राम लोहासिकर में मेन रोड से शमशान घाट तक गार्डवाल एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 24.204 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 26.03.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 03.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 03.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 05.04.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Koderma.**

**PR 348927 Minor Irrigation(24-25).D**



**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 23/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अवस्थित खराब पड़ें ऑटों टीपर की विशेष मरम्मति एवं रंग–रोगन कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संवेदक नगर पंचायत लातेहार में अवस्थित सभी ऑटों टीपर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खराब पड़ें संयत्रों के अनुसार मरम्मति एवं रंग–रोगन हेतु ऑटों टीपरवार अलग–अलग अपना भावपत्र (कोटेशन) नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में दिनांक 07.04.2025 को अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। मरम्मति किये गये सभी ऑटों टीपर के एक वर्ष तक वारंटी की जिम्मेवारी संबंधित व्यक्ति/फर्म/संवेदक की होगी। मरम्मति योग्य ऑटों टीपर का विवरण निम्नवत हैः–

| Sl. No. | Model Name | Registration Number | Chesis Number | Tipper Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tata ACE Face Lift HT BS -IV | JH05CC9554 | MAT445237JZD23896 | 1800 Liter |
| 02 | Tata ACE Zip BS -IV | JH05CE7503 | MAT491013J6E10477 | 1000 Liter |
| 03 | Tata ACE Zip BS -IV | JH05CE6351 | MAT491013J6E10476 | 1000 Liter |
| 04 | Tata ACE Zip BS -IV | JH05CE3228 | MAT491013J6E10133 | 1000 Liter |
| 05 | Tata ACE Zip BS -IV | JH05CE5940 | MAT491013J6E10132 | 1000 Liter |
| 06 | Tata ACE Zip BS -IV | - | MAT491013H6E08743 | 1000 Liter |

सभी कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं खराब पड़ें ऑटों टीपर के पूर्ण विवरणी के साथ अलग–अलग भावपत्र सभी कर सहीत Verification Report के साथ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ निविदा शुल्क के रूप में 5000.00 (पॉच हजार) रू0 की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफ्ट जो **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार** के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) एवं सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर उपरोक्त संयत्रों की मरम्मति एवं रंग–रोगन करते हुए नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय को उपलब्ध करना आवश्यक होगा। इसके लिए कोई भी अतिरिक्त राशि का भुगतान नही किया जायेगा। इस संबंध में विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जय प्रकाश रंजन, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

**PR 348966 Urban Development(24-25).D**

## एटीएम कार्ड से बदमाश ने लूट लिये 95 हजार रुपये, थाना में शिकायत दर्ज

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नये तरीके से एटीएम कार्ड से 95 हजार रुपये लूट लिये गये। कटक जगतपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। अपने दोस्तों के साथ पुरी घूमने के लिए गये थे और पूरी से लौटते समय, वह कुछ किराने का सामान खरीदने के लिए जगतपुर में एसबीआइ एटीएम काउंटर पर गया और 20,000 रुपये निकाले। पैसे निकालते समय जब उसे फोन आया तो वह परेशान हो गया। इस मौके पर एटीएम काउंटर के अंदर मौजूद अज्ञात युवक ने एटीएम कार्ड झपट लिया और भाग गया। घर आने के बाद उनके फोन पर एक मैसेज आया। उसे पता चला कि किसने खुर्दा साइ इंटरप्राइजेज से 75 हजार और भुवनेश्वर के चंद्रशेखरपुर एटीएम से दो बार 10 हजार रुपये निकले कुल 95 हजार निकाले हैं।

## भारत दर्शन कराने के लिए मां को स्कूटर से लेकर कर्नाटक से ओड़िशा पहुंचे कृष्णा कुमार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** हर धर्म में माता-पिता को इश्वर के बराबर दर्जा दिया गया है, रामायण काल के बाद भले ही समय कितना आगे बढ़ गया हो। कुछ ऐसा ही नजारा आज ओड़िशा में देखने को मिला है। कर्नाटक निवासी पुत्र अपनी नौकरी, अपना मकान सब कुछ छोड़ कर अपनी मां को इस स्कूटर से तीर्थ यात्रा कराने निकल पड़ा। 44 वर्षीय कृष्णा की मां ने कृष्णा के पिता के देहांत के बाद धार्मिक यात्रा की इच्छा जतायी। परिवार की आर्थिक स्थिति कृष्णा ज्यादा अच्छी न होने के चलते कृष्णा ने घर में मौजूद पिता के पुराने स्कूटर को ठीक कराया और मां को लेकर तीर्थ यात्रा कराने निकल पड़ा। कृष्णा कुमार पांच साल से मां चूड़ा रत्नम्मा को स्कूटर से ही विभिन्न शहरों के धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं। कृष्णा ने बताया कि वे अभी तक मां को लेकर स्कूटर से 93 हजार 675 किलोमीटर से अधिक का सफर कर कर चुके हैं। कृष्णा कहते हैं, मेरे लिए मां की सेवा ही जीवन है। मेरा मकसद मां को देश के एक-एक मंदिर का दर्शन कराना है। उन्होंने बताया कि वे मूल रूप से कर्नाटक के मैसूर स्थित वोगादी के निवासी हैं। हम 16 जनवरी 2018 को भारत दर्शन को निकले थे। अब तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पांडिचेरी, गोवा, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा भ्रमण कर चुके हैं।

# एसओए ने केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ किया समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) ने शुक्रवार को यहां हैदराबाद स्थित केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ प्रतिभा विकास को बढ़ावा देने, उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय भर्ती के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, जो वित्तीय सेवाएं, आइटी और आइटीइएस-संबंधित सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय में है, कौशल विकास को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने और छात्रों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। समझौता ज्ञापन, जो 60 महीनों तक लागू रहेगा, छात्रों के लिए कार्यशालाओं और कौशल निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन, उनके लिए इंटर्नशिप और पूर्व-प्लेसमेंट अवसरों का पता लगाने और अपने कार्यबल को मजबूत करने के लिए कुशल स्थानीय प्रतिभाओं को नियुक्त करने में सक्षम बनायेगा। यह संकाय विकास कार्यक्रमों और उद्योग-अनुसंधान पहलों का भी समर्थन करेगा। दोनों पक्ष सह-ब्रांडेड शैक्षणिक कार्यक्रमों पर सहयोग करेंगे।

इसके अलावा, सहयोग भविष्य के अनुसंधान और विकास के लिए उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करेगा। समझौता ज्ञापन पर एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मुख्य जन अधिकारी सुजय पुथरन ने हस्ताक्षर किये। एसओए के डीन, प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श (एसआरआईसी) प्रो प्रशांत कुमार पात्रा, उद्योग जुड़ाव और कॉर्पोरेट संबंध निदेशक रिप्ती रंजन दाश, कॉर्पोरेट संबंध वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक पटनायक और टी एंड पी प्रभारी संकाय डॉ मोहम्मद अब्दुल रजाक उपस्थित थे। केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का प्रतिनिधित्व मुख्य तकनीकी अधिकारी वेंकट गिरि वोंकयाला और डेटा और एनालिटिक्स-आइटी के उपाध्यक्ष और प्रमुख सुबर्ण मिश्रा ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में किया।

## सावित्री जिंदल के जन्मदिन समारोह के साथ हुआ 'सेलिब्रेटिंग द लिगेसी' का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) में 12 दिवसीय 'सेलिब्रेटिंग द लिगेसी' कार्यक्रम का समापन जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन एमेरिटस सावित्री जिंदल के जन्मदिन समारोह के साथ हुआ। 12 दिवसीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य दिवस, संस्कृति दिवस, प्रेरणा दिवस, कौशल दिवस, ज्ञान दिवस, रंग दिवस, एकता दिवस, खेल दिवस, सुरक्षा दिवस, आध्यात्मिकता दिवस और सशक्तिकरण दिवस शामिल था। कार्यक्रम का आयोजन अंगुल के स्थानीय प्रबंधन द्वारा जेएसपी की सामाजिक शाखा जिंदल फाउंडेशन और सीमा मल्हान और अनीता मित्तल की अध्यक्षता वाली जिंदल महिला समिति के सहयोग से किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान उनके सामूहिक प्रयासों ने संयंत्र की परिधि के गांवों और संयंत्र परिसर के भीतर 50,000 से अधिक लोगों को प्रभावित किया। जिंदल स्टील के भुवनेश्वर कार्यालय द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां कर्मचारियों और अन्य नागरिकों और रोटरी क्लब के सदस्यों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जेएसपी अंगुल प्लांट के प्रमुख पंकज मल्हान, कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं) दामोदर मित्तल, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी दिलीप सिन्हा, योग गुरु स्वामी सत्यबिंदु सरस्वती और अन्य वरिष्ठ नेतृबृंद ने माताजी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## न्यायमूर्ति हरीश टंडन ओड़िशा उच्च न्यायालय के नये मुख्य न्यायाधीश



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** न्यायमूर्ति हरीश टंडन को ओड़िशा उच्च न्यायालय का नये मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें ओड़िशा उच्च न्यायालय का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। अधिसूचना केंद्र सरकार की मंजूरी के साथ कानून मंत्रालय द्वारा जारी की गयी थी, जबकि कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस को लेकर 'एक्स' के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरिश टंडन को ओड़िशा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इस महीने की 6 तारीख को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस हरिश टंडन को ओडिशा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा, जो वर्तमान में ओड़िशा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं, को कॉलेजियम ने गुरुवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की थी।



पूर्व मध्य रेल


शुद्धिपत्र–1

उपरोक्त सम्बन्ध में यह सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों के कारण निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाये। **क्र.सं. 1., वर्तमान ई–निविदा सूचना** : ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की अंतिम तिथि 26.03.2025 को 15:00 बजे है। **शुद्धिपत्र** : ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की अंतिम तिथि 11.04.2025 को 15:00 बजे है। **क्र.सं. 2, वर्तमान ई–निविदा सूचना** : ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी– 25 दिनांक 04.03.2025 की खुलने की तिथि 26.03.2025 को 15:30 बजे है। **शुद्धिपत्र** : ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की खुलने की तिथि 11.04.2025 को 15:30 बजे है। **नोट**– अन्य सभी नियम व शर्तें समान रहेंगी।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद
पीआर/2320/डीएचएन/सीओएमएल/सी/24-25/24






















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**